


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना | सम्पादकीय बातचीत क्यों हुई नाकाम? | भारत की इकोनॉमी में गिरावट, 6वें नंबर पर आया... 5

वर्ष 20 | अंक 87 | ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | ग्वालियर, गुरूवार 16 अप्रैल 2026 | email - hindustanexpressbhopal@gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील पीएम मोदी ने की

### कर्नाटक में वोक्कालिगा समुदाय के मंदिर का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी बुधवार को कर्नाटक में लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा, मेरी अपील जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर है। इसके बाद उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर जोर दिया।

उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने, रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने, मोटे अनाज (मिलेट्स) के साथ स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने और तेल के कम उपयोग की अपील भी की। पीएम मांडया जिले के श्री क्षेत्र आदिचुंचनगिरि मठ पहुंचे थे।



यहां उन्होंने गुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन किया। सौंदर्य लहरी और शिव महिम्न स्तोत्र नामक किताब का विमोचन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा भी मौजूद थे। यह वोक्कालिगा समुदाय से जुड़ा है।

श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर, पूज्य संत डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी की स्मृति में बनाया गया है। वे आदिचुंचनगिरि महासंस्थान मठ के 71वें पीठाधीश्वर थे। मंदिर को पारंपरिक द्रविड़ शैली में बनाया गया है और इसे उनके जीवन और विरासत को समर्पित स्मारक के रूप में तैयार किया गया है। डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी सामाजिक सेवा से जुड़े रहे। उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थान और स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित कीं। उनका मानना था कि समाज की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है।

पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी उद्घाटन किया था। 12 हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना से दिल्ली से देहरादून की यात्रा का समय छह घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह गया है।213 किलोमीटर लंबा यह छह लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से होकर गुजरता है। इसकी खास बात 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड वाइल्डलाइफ सेक्शन है, जिसे एशिया के सबसे लंबे सेक्शनों में एक बताया जा रहा है।

## ट्रेड डील पर भारत-अमेरिका की वार्ता फिर शुरू होगी

### भारतीय डेलिगेशन अगले हफ्ते वॉशिंगटन रवाना होगा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच रुकी अंतरिम ट्रेड डील पर बातचीत फिर शुरू होगी। केंद्र सरकार का हाई-लेवल डेलिगेशन अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाएगा। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में टैरिफ नियमों और अदालती फैसलों से व्यापारिक समीकरण बदल गए हैं।

पीटीआई के अनुसार, बुधवार को सरकारी सूत्रों ने डेलिगेशन की यात्रा की पुष्टि की। पहले मार्च में समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीद थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प शासन के टैरिफ और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने स्थिति कठिन बना दी है।



दोनों देशों ने फरवरी में समझौते के पहले चरण की रूपरेखा तैयार की थी। इस फ्रेमवर्क में अमेरिका भारतीय सामानों पर टैरिफ 18% करने पर सहमत हुआ था। लेकिन इसके बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ पुराने टैरिफ नियम रद्द कर दिए। फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों के आयात पर 10% टैरिफ लागू किया है। स्पष्टता की कमी से पिछले महीने की बैठक टाल दी गई थी। फरवरी में फ्रेमवर्क बनने पर भारत को अन्य देशों से बेहतर स्थिति मिल रही थी। ऊंचे टैरिफ के बीच 18% की दर भारत के लिए फायदेमंद थी। लेकिन अब अमेरिका ने सभी देशों पर 10% फ्लैट टैरिफ लागू किया है। इससे भारत का खास फायदा कम हुआ है, क्योंकि सभी को समान दर मिल रही है।

## प्रदेश का भविष्य उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से रोशन हो रहा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### कक्षा 12वीं में भोपाल की कु. खुशी राय और कु. चांदनी विश्वकर्मा ने किया संयुक्त रूप से टॉप

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी बधाई, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिलेगा दूसरा अवसर







**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बोर्ड परीक्षा हम सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा तय करते हैं। मध्यप्रदेश में दी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा से हमारे विद्यार्थियों का भविष्य दिनों दिन रौशन हो रहा है। मुख्यमंत्री डा. यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं, 12वीं एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा-2026 के परिणाम घोषित किए।

वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 73.42 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस बार बीते 16 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा है। पिछले वर्ष भी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने ही बोर्ड परीक्षा में कीर्तिमान गढ़ा था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है, जिससे हमारे शासकीय स्कूल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के परिणामों से आगे निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फरवरी से मार्च के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा हुई, जिसमें 8 लाख 97 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। हाईस्कूल परीक्षा में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता मिली है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 69.31 प्रतिशत छात्र और 77.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल की मेरिट में 378 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें 235 छात्राएं और 143 छात्र हैं। प्राइवेट स्कूलों में भी हमारी बेटियों ने ही बेटों से अधिक अंक हासिल किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय जिले अनूपपुर के 93.85 प्रतिशत विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सफलता मिली है। अनूपपुर जिला सबसे आगे रहा है। अलीराजपुर जिला 92.14 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। हाईस्कूल परीक्षा में पन्ना जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल, गुनौर की छात्रा कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इन्हें कुल 500 परीक्षांक में से 499 अंक मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा के रूप में पन्ना जिले से एक और हीरा निकला है। मुख्यमंत्री ने कु. प्रतिभा को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हायर सेकेंड्री में कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच हुई, जिसमें 6 लाख 89 हजार 746 विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा है , जो बीते 16 साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस वर्ष 72.39 प्रतिशत छात्र और 79.41 छात्राओं को सफलता मिली है। यहां भी बेटियों ने ही फिर बाजी मारी है। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है। हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में शासकीय स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे शासकीय और प्राइवेट स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा है। इस वर्ष हायर सेकेंड्री परीक्षा में 221 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें 158 छात्राएं और 63 छात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल की वाणिज्य संकाय की छात्रा कु. खुशी राय एवं अशासकीय गुरूदेव शिक्षा केन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीलबड़, भोपाल की छात्रा कुमारी चांदनी विश्वकर्मा ने कुल 500 अंकों में से 494 अंक हासिल कर संयुक्त रुप से टॉप किया है।

## बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली सम्राट चौधरी ने शपथ

### मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद सम्राट ने छुए नीतीश के पैर

पटना। सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद



यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

## पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? हालांकि, चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है।

जानकारी के मुताबिक उन्हें जल्द केंद्रीय सुरक्षा मिल सकती है। तब तक उन्हें दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी जा सकती है। 2 हफ्ते पहले आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी उपनेता के पद से हटाकर दूसरे सांसद अशोक मित्तल को यह पद दे दिया था। उसके बाद से ही आप और राघव चड्ढा के बीच खूब बयानबाजी भी चली।उपनेता पद से हटाया गयाः आम आदमी पार्टी ने 2 अप्रैल को राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। आप ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया कि राघव चड्ढा को अब सदन में बोलने के लिए पार्टी कोटे से समय न दिया जाए।

## सिवनी मालवा में नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के 972.16 करोड़ के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का आज करेंगे भूमि-पूजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 16 अप्रैल को सिवनी मालवा में नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग (राज्य राजमार्ग-67) का इंटरमीडिएट से 2-लेन पक्के शोल्डर सहित हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एच ए एम) का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। नर्मदापुरम से टिमरनी मार्ग की लंबाई 72.18 किलोमीटर है तथा इसकी लागत 972,16 करोड़ रुपए है। निर्माण कार्य एमपीआरडीसी द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर रोड शो करेंगे। रोड शो रेंज ऑफिस चौराहा, कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए



पुराना बस स्टैंड पर समाप्त होगा। कृषि उपज मंडी सिवनी मालवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 106,34 करोड़ के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इनमें 48.65 करोड़ के 45 तथा 57.69 करोड़ के 51 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी करेंगे।

## अब सप्ताह में दो दिन चलेगी गुना से मेमू ट्रेन

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जताया आभार

**नईदिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की सिफ़ारिश



पर गुना-रुथियन मेमू ट्रेन (61662) को सप्ताह में एक दिन के बजाय दो दिन चलाने की मंजूरी केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दे दी है। जिससे गुनावासियों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा है कि इस सौगात से क्षेत्र के यात्रियों के लिए परिवहन सुविधा मज़बूत होगी। श्री सिंधिया ने इस उपहार के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। ज्योतिरादित्य सिंधिया की सिफ़ारिश पर भारतीय रेल द्वारा गुना-रुथियाई मेमू ट्रेन (61611/61612) की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने को मंजूरी दे दी गई है। अब यह ट्रेन पहले की तुलना में अधिक दिनों तक संचालित होगी, जिससे यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। जारी आदेश के अनुसार, पहले यह मेमू ट्रेन सीमित दिनों में संचालित होती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अधिक नियमित किया जा रहा है। इससे गुना, रुथियाई और बीच के सभी स्टेशनों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए क्षेत्रीय नागरिकों ने अश्विनी वैष्णव, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। साथ ही रेल मंत्रालय द्वारा उठाए गए इस कदम को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने से न केवल दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और रोजगार से जुड़े लोगों के लिए भी यात्रा और अधिक आसान हो जाएगी। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों ने इस फैसले को 'जनहित में बड़ा उपहार' बताते हुए केंद्र सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा के लघु भ्राता अजय मिश्रा के निधन पर उनके निवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्वालियर प्रवास के दौरान प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप मिश्रा के अनुज भ्राता पंडित अजय मिश्रा पुत्र स्व. त्रियुगी नारायण मिश्रा के दुःखद निधन उपरांत उनकी आत्मिक शांति हेतु निवास-261,विजय नगर एक्सटेंशन ग्वालियर पर पहुंचकर शोक संवेदन व्यक्त कर शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर ढांढस बधांया। सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने स्व. अजय मिश्रा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, भाई अभय मिश्रा एवं उनके समधी एंव वरिष्ठ नेता संतोष शर्मा (वसंत विहार ग्वालियर) के साथ



दुःखद निधन पर परिवारिक चर्चा करते हुए अत्यंत पीड़ा दायक घटना बताया। उन्होंने शोकाकुल पुत्र शुभम मिश्रा को हिम्मत के साथ सम्भल दिया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के साथ मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण अशोक जैन एवं अशोक जादौन, मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, पूर्व पार्षद रिंकू परमार, पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र सिंह तोमर गुड्डू, मोनू कंषाना, आदि साथ थे।

# पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की संस्थापिका एवं प्रेरणास्त्रोत स्व. श्रीमती शांति मिश्रा जी की नवम पुण्यतिथि पर उतैली में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्नः सीलम सैनी

## डॉ. राकेश मिश्र जी सतना में सेवा का पर्याय बन चुके हैं : स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन

## सेवा कार्यों में मेरी जहां भी आवश्यकता हो, हमेशा सेवा न्यास के लिए तत्पर हूं: श्रीमती सुनीता कुशवाहा (पार्षद)

## 72 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 68 को दी गई मुफ्त में दवाइयांः प्रभा पाडेय








-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**सतना।** पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की संस्थापक एवं प्रेरणास्त्रोत स्व. श्रीमती शांति मिश्रा जी की नवम पुण्यतिथि पर उतैली में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन, विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता कुशवाहा व भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती प्रभा पांडे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास की महिला प्रमुख सीलम सैनी ने की।सर्वप्रथम सेवा न्यास की संस्थापिका एवं प्रेरणा स्त्रोत श्रीमती शांति मिश्रा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

यह शिविर चलता- फिरता मुफ्त अस्पताल, 'आपके द्वार-आपका अस्पताल' योजना अंतर्गत श्रीमती प्रभा पांडे जी (जिला महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा) के द्वारा विजय कॉन्वेंट स्कूल के पास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उतैली में आयोजित किया गया। अपने क्षेत्र की जनता हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

**डॉ. राकेश मिश्र सेवा का पर्याय बन चुके हैं : स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन**

नगर निगम परिषद अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा की डॉ राकेश मिश्र जी ने अपनी माताजी परम पूज्य बाई की प्रेरणा से परम पूज्य दद्दा जी के नाम पर सेवा न्यास प्रारंभ किया। चलता फिरता मुफ्त अस्पताल से सेवा बस्तियों में निवास करने वाले वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। अब तक हजारों परिवार लाभान्वित हो चुके हैं और यह क्रम निरंतर जारी है।

**सेवा कार्यों में मेरी जहां भी आवश्यकता हो, हमेशा सेवा न्यास के लिए तत्पर हूः श्रीमती सुनीता कुशवाहा (पार्षद)**

श्रीमती सुनीता कुशवाहा जी ने कहा कि सेवा कार्यों में मेरी जहां भी आवश्यकता हो, मैं हमेशा सेवा न्यास के लिए तत्पर हूं। मैं पूरी सेवा न्यास टीम को बहुत-बहुत साधुवाद देती हूं कि उनके द्वारा हमारी माता बहिनें लाभान्वित हो रही हैं ।

**72 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 68 को दी गई मुफ्त में दवाइयां: प्रभा पांडेय**

श्रीमती प्रभा पांडेय जी महामंत्री ने बताया है कि 72 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 68 मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी गई।

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती शीलम सैनी ने जानकारी दी कि शिविर में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर लगभग प्रकार की स्वास्थ्य जांचें कराईं। अधिकांश महिलाओं में बीपी और शुगर की समस्या पाई गई। साथ ही मौसमी बीमारियों जैसे बुखार, सर्दी-जुकाम एवं खांसी की दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। उपस्थित लोगों को लू से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया।

**इनकी रही उपस्थिति**

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता कुशवाहा, प्रभा पांडे, सीलम सैनी, वंदना बागरी, रश्मि सैनी, अनिल कुमार सैनी, विजय सिंह पटेल, राजेंद्र कुशवाहा, कैलाश पयासी, योगेंद्र सिंह जय सूर्य सिंह, चंद्र देव द्विवेदी, श्री राम त्रिपाठी, राजू गुप्ता, दीपक गुप्ता हेमराज सेन, सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता वार्ड 22 के समस्त निवासी समाजसेवी उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण पर अजय सिंह ने सोनिया गांधी का समर्थन किया

## चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के लिए भाजपा कर रही है प्रपंच

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह ने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर श्रीमती सोनिया गांधी के रुख का पुरजोर समर्थन करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है।

अजय सिंह ने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी जी ने अपने आलेख के माध्यम से जो तथ्य देश के सामने रखे हैं, वे भाजपा के उस 'पाखंड' को बेनकाब करते हैं जिसे 'ऐतिहासिक' बताकर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सोनिया जी की इस मांग के साथ मजबूती से खड़े हैं कि महिलाओं को उनके हक के लिए दशकों तक इंतजार करवाना उनके साथ क्रूर मजाक है।

सिंह ने याद दिलाया कि महिला आरक्षण के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का ही परिणाम था कि साल 2010 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार ने इसे राज्यसभा से पारित करवा लिया था। सोनिया जी के नेतृत्व में लिए गए उस ऐतिहासिक निर्णय को भाजपा ने तब भी रोका था और आज भी वह इसे जनगणना और परिसीमन जैसी जटिल शर्तों की आड़ में भविष्य की अनिश्चित तारीखों पर टाल रही है। भाजपा की नीयत में खोट साफ है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने सोनिया गांधी जी द्वारा उठाए गए क्षेत्रीय असंतुलन के मुद्दे को भी गंभीरता से रेखांकित किया। उन्होंने आगाह किया कि आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना दक्षिण भारतीय राज्यों के खिलाफ एक गहरी राजनैतिक साजिश है। चूँकि दक्षिण भारत ने सदैव भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को सिरे से खारिज किया है, इसलिए उन राज्यों को राजनैतिक रूप से कमजोर करने के लिए यह प्रपंच रचा जा रहा है।

अजय सिंह ने आगाह किया कि आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर भाजपा देश में एक खतरनाक उत्तर-दक्षिण विभाजन और क्षेत्रीय असंतुलन पैदा करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि यह उन दक्षिण भारतीय राज्यों के खिलाफ सजा है, जिन्होंने राष्ट्रहित में जनसंख्या नियंत्रण का उत्कृष्ट कार्य किया है। चूंकि दक्षिण के राज्यों ने सदैव भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को नकारा है, इसीलिए




परिसीमन के बहाने उन्हें राजनैतिक रूप से कमजोर करने का खेल खेला जा रहा है। महिला आरक्षण जैसे पवित्र विषय को इस विवादित प्रक्रिया की बेड़ियों में जकड़ना यह साबित करता है कि भाजपा की रुचि महिलाओं के उत्थान में नहीं, बल्कि अपने राजनैतिक नफे-नुकसान का गणित बैठाने में ज्यादा है।

अजय सिंह ने कहा कि भाजपा विभिन्न राज्यों में हो रहे चुनावों में राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इतनी जल्दबाजी दिखा रही है। यदि प्रधानमंत्री की नीयत साफ होती, तो वे सोनिया गांधी जी की मांग को स्वीकार करते हुए तमाम अंतहीन तकनीकी शर्तों को हटाकर महिलाओं की समावेशी भागीदारी को तत्काल प्रभाव से लागू करते। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा ने अपनी संकीर्ण मानसिकता नहीं बदली, तो देश की आधी आबादी इस राजनैतिक धोखे का करारा जवाब देगी।

# अनुच्छेद 14 कानूनी पेशेवर का सबसे बहुमुखी शस्त्र

-एडवोकेट दिनेश चंद सागर-



संवैधानिक कानून के अभ्यास में हम अक्सर 'स्वर्ण त्रिभुज' (अनुच्छेद 14, 19 और 21) का उल्लेख करते हैं, लेकिन एक अधिवक्ता और कानून प्रवर्तन के पूर्व अनुभवी के रूप में, मैं मानता हूँ कि अनुच्छेद 14 एक कानूनी पेशेवर का सबसे बहुमुखी शस्त्र है। जहाँ इसका मूल पाठ 1950 से अपरिवर्तित है, वहीं न्यायिक व्याख्याओं ने इसे कार्यकारी मनमानेपन के विरुद्ध एक अचूक 'ब्रह्मास्त्र' बना दिया है। विधि जगत के लिए, अनुच्छेद 14 केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि वह प्राथमिक माध्यम है जिसके द्वारा हम किसी कानून की वैधता या राज्य की कार्रवाई की प्रक्रियात्मक अनियमिता को चुनौती देते हैं।

**न्यायशास्त्रीय संरचनाः पाठ से परे**

एक अधिवक्ता के रूप में, हम अनुच्छेद 14 की व्याख्या दो विशिष्ट स्तंभों के माध्यम से करते हैं जो हमारी दलीलों (Pleadings) का आधार बनते हैं:

**विधि के समक्ष समानताः** यह एक नकारात्मक अवधारणा है–यह सुनिश्चित करती है कि 'विधि का शासन' सर्वोपरि है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पद पर हो, कानूनी प्रक्रिया से ऊपर नहीं है।

**विधियों का समान संरक्षणः** यह एक सकारात्मक अवधारणा है–यह राज्य को निर्देश देता है कि वह असमान लोगों के साथ समान व्यवहार न करे। अदालत में, यह हमें यह तर्क देने की शक्ति देता है कि समाज के वंचित वर्गों को विशेष संरक्षण देना समानता के विरुद्ध नहीं, बल्कि समानता की स्थापना के लिए अनिवार्य है।

**रणनीतिक बदलावः वर्गीकरण से 'गैर-मनमानेपन' तक**

दशकों तक हमारा ध्यान 'उचित वर्गीकरण के सिद्धांत' पर केंद्रित रहा। हम स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल बनाम अनवर अली सरकार के परीक्षण पर निर्भर थेः

**बोधगम्य अंतर (Intelligible Differentia):** क्या वर्गीकरण का कोई स्पष्ट आधार है?

तर्कसंगत संबंध (Rational Nexus): क्या उस आधार का अधिनियम के उद्देश्य से कोई तार्किक संबंध है?

हालाँकि, रोयप्पा (1974) और मेनका गांधी (1978) के युग ने हमारी रणनीति को बदल दिया। न्यायमूर्ति भगवती की इस घोषणा ने कि 'समानता मनमानेपन की विरोधी है ', अनुच्छेद 14 को पारंपरिक सीमाओं से मुक्त कर दिया। आज, हम केवल यह तर्क नहीं देते कि कानून भेदभाव करता है; हम यह तर्क देते हैं कि राज्य की कार्रवाई 'स्पष्ट रूप से मनमानी' (Manifestly Arbitrary) है।

आधुनिक अधिवक्ता का टूलकिट (2026)?2026 में, अनुच्छेद 14 का दायरा उन क्षेत्रों में विस्तारित हो गया है जहाँ तकनीकी समझ और कानूनी ज्ञान का मेल आवश्यक हैः

**उचित आवास का सिद्धांत (Reasonable Accommodation):** दिव्यांगों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के मामलों में, अब हम तर्क देते हैं कि 'औपचारिक समानता' पर्याप्त नहीं है। राज्य को व्यक्तिगत भिन्नताओं को समायोजित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। ऐसा न करना अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

**एल्गोरिथम जवाबदेही (Algorithmic Accountability):** एआई (AI) आधारित शासन के इस दौर में, यदि कल्याणकारी योजनाओं या लाइसेंसिंग का निर्णय किसी सॉफ्टवेयर द्वारा लिया जाता है, तो हम उस कोड की पारदर्शिता को चुनौती देते हैं। यदि डेटा पक्षपाती है, तो वह अनुच्छेद 14 के तहत 'मनमाना' माना जाता है।

**सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिताः** स्पेक्ट्रम और प्राकृतिक संसाधनों के आवंटन के मामलों में, अनुच्छेद 14 हमारा सबसे मजबूत तर्क है। राज्य एक 'ट्रस्टी' (न्यासी) है, और बिना पारदर्शिता या निष्पक्षता के किया गया कोई भी आवंटन अनुच्छेद 14 की वेदी पर टिक नहीं सकता।

**निष्कर्षः एक जीवंत प्रहरी**

एक अधिवक्ता के लिए, अनुच्छेद 14 केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि अदालत का वह जीवंत प्रहरी है जो यह सुनिश्चित करता है कि 'कानून का शासन' किसी व्यक्ति की सनक पर भारी पड़े। चाहे हम किसी हाशिए पर खड़े नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हों या किसी बड़े सरकारी टेंडर को चुनौती दे रहे हों, अनुच्छेद 14 हमें वह बुनियादी तर्क प्रदान करता हैः कि राज्य को निष्पक्ष होना चाहिए, उसके कारण ठोस होने चाहिए और उसकी कार्रवाई न्यायपूर्ण होनी चाहिए।

एक कुशल अधिवक्ता के हाथों में, अनुच्छेद 14 यह सुनिश्चित करता है कि प्रस्तावना का वादा केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक लागू होने वाली वास्तविकता है।

**विधि जगत के लिए मुख्य बिंदुः**

औपचारिकता से ऊपर सारः हमेशा यह देखें कि क्या कानून केवल कागजों पर समान है या उसके परिणाम भी समान हैं।

मनमानापन ही कुंजी हैः आधुनिक मुकदमों में, 'तार्किक संबंध' के बजाय 'स्पष्ट मनमानेपन' को सिद्ध करना अधिक प्रभावी होता है।

अंतर्संबंधः अनुच्छेद 14 को हमेशा अनुच्छेद 19 और 21 के साथ पढ़ा जाना चाहिए जिससे सम्मुचित न्याय सुनिश्चित हो सके। यही भारतीय संविधान की सशक्त और विलक्षण महानता है।

न्याय दर्पण

# बिना ई-टोकन खाद बेचना भारी पड़ा, डबरा के उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

**ग्वालियर।** जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत श्ई-विकासश् (ई-टोकन) प्रणाली लागू की गई है। जिसके तहत शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी खाद विक्रेताओं को भी ई-टोकन व्यवस्था के तहत खाद वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बिना ई-टोकन के खाद बेचने वाले विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त करने के निर्देश उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास को दिए हैं। इस कड़ी में उर्वरक वितरण नियमों का उल्लंघन करने पर पिछोर तिराहा डबरा स्थित प्राइवेट खाद विक्रेता फर्म श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र का उर्वरक विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास आर.बी.एस. जाटव ने बताया कि जांच और परीक्षण के दौरान पाया गया कि मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, पिछोर तिराहा (डबरा) द्वारा 01 अप्रैल से 02 अप्रैल 2026 के मध्य बिना टोकन के खाद का विक्रय किया गया। नियम विरुद्ध खाद बेचने पर संबंधित फर्म (प्रोपेयटर श्री शालिक राम बघेल) को विभाग द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था।

# विद्यार्थियों की सफलता से गौरवान्वित हुआ विक्टर कॉन्वेंट स्कूल




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए अपने अनुशासन, परिश्रम एवं लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

कक्षा 10वीं के परिणामों में सुमित कुशवाह ने 94.20% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शैलेन्द्र गुर्जर ने 92.20% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं शेली गुर्जर 91.00% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। सिमरन यादव ने 90.40% एवं निक्की जाटव ने 90.00% अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप 5 विद्यार्थियों में स्थान बनाया। सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं के परिणामों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अमेय पारनेरकर ने 93.40% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नित्या राजपूत ने 89.20% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि भूमि तोमर 89.00% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। रोनक सिकरवार (84.60%) एवं जिज्ञासा शिवहरे (84.00%) ने भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

# औद्योगिक प्रयोजन के लिये जमीन आवंटन में कदापि देरी न होः कलेक्टर श्रीमती चौहान

## मोहना औद्योगिक क्षेत्र, स्टोन पार्क व रंग मिल इंडस्ट्रियल एरिया के विकास की हुई समीक्षा



**ग्वालियर।** औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि अधिग्रहण (भू-अर्जन) और सरकारी जमीन के आवंटन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही पूरी प्रक्रिया के दौरान विधिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में औद्योगिक विकास में कोई कानूनी अड़चन न आए। इसके लिये एमपीआईडीसी (मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम) एवं संबंधित राजस्व अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर काम करें। इस आशय के निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के औद्योगिक क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप औद्योगिक निवेश के लिये अनुकूल वातावरण का निर्माण और जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में कोई समस्या हो तो उसे तत्काल ध्यान में लाएं। राज्य सरकार द्वारा मोहना में 210 हैक्टेयर से अधिक रकबे में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यहां पर अधोसंरचना के विकास के लिये सरकार द्वारा लगभग 140 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गई है। मोहना में 162 औद्योगिक प्लॉट्स विकसित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की उद्योग फ्रेंडली नीति की बदौलत ग्वालियर जिले को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी खुशखबरी मिलने जा रही है। देश के चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों में ग्वालियर जिले का मोहना औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल होगा। भारत सरकार की भारत औद्योगिक विकास योजना के तहत मोहना औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि स्टोन पार्क के विकास व व्यवसाय में बाधा बन रहे अतिक्रमण हटाए जायेंगे। इस दिशा में अतिक्रमणकारियों को एमपीआईडीसी द्वारा नोटिस जारी कर दिए गए हैं। शिक्षा नगर के पीछे रेसकोर्स रोड से जोड़ने वाले मार्ग के समीप स्थित रंग मिल इंडस्ट्रियल एरिया के विकास से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा भी बैठक में की गई। बैठक में एमपी आईडीसी ग्वालियर की कार्यकारी निदेशक श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, एसडीएम एवं भू-अर्जन अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग के कार्यपालन यंत्री सहित औद्योगिक विकास निगम व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भोजन सरस होगा तो भजन नीरस होगाः राघव ऋषि

**ग्वालियर।** जयेंद्रगंज स्थित नदीगेट समीपस्थ माधव मंगल पैलेस में ऋषि सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस राघव ऋषि ने दिव्य रहस्य उदघाटित करते हुए नन्द महोत्सव का शुभारंभ किया तो सम्पूर्ण प्रांगण ब्रजमय बन गया। पुष्पवृष्टि से लोगों ने बालकृष्ण भगवान का जन्मोत्सव मनाया। नन्द अर्थात जो सभी को आनन्द दे। मनुष्य जन्म सभी को आनन्द देने के लिए है।

पूज्य ऋषि के एकमात्र सुपुत्र सौरभ ऋषि ने नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की भजन गाया तो सभी श्रोतागण अपने स्थान में खड़े होकर आनन्द में झूमते हुए नंदोत्सव मनाया। इस अवसर पर सभी को माखन प्रसाद दिया गया। पूज्य ऋषि जी ने कहा कि प्रत्येक इंद्रियों से जो भक्त रस का पान करता है वो गोपी है। लोग शरीर की अपेक्षा मन से अधिक पाप करते हैं। शरीर को मथुरा और हृदय को गोकुल यदि नंदरूपी जीव बनता है तो प्रभु की कृपा प्राप्त होती हैं। भगवान ने बाललीला में सबसे पहले पूतना का वध किया। पुतना अर्थात् जो पवित्र नहीं है वो है पूतना। अज्ञान पवित्र नहीं है। सौरभ ऋषि ने जरी की पगड़ी बांधे भजन से बालकृष्ण प्रभु की झाकी खींची तो सभी हर्षातिरेक हो गए। कथा झांकी का पूजन श्रीमती चन्द्रकान्ता एवं शिवराम अग्रवाल तथा पोथीपूजन एवं



व्यासपूजन रामप्रसाद शाक्य एवं ललित मोहन माहेश्वरी द्वारा किया गया। गोवर्धन पूजन श्रीमती प्रेमलता एवं आनन्द मोहन अग्रवाल ने की। जनमानस द्वारा प्रातः 7.30 बजे से निःशुल्क ज्योतिष परामर्श में अनेक क्षेत्रवासियों ने जन्मपत्रिका के माध्यम से निजी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

# ग्वालियर में हाईस्कूल का 65.95 प्रतिशत व हायर सेकेण्ड्री का 71.39 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**– हाईस्कूल में 12 एवं हायर सेकेण्ड्री में 10 परीक्षार्थी प्रावीण्य सूची में**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के परिणाम बुधवार 15 अप्रैल को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में घोषित किए गए। जिले के हायर सेकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम में पिछले साल की तुलना में 9.46 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। हाईस्कूल परीक्षा में पिछले साल की तुलना में 2.04 प्रतिशत की कमी आई है। जिले के 12 परीक्षार्थी हाईस्कूल परीक्षा की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आए हैं। इसी तरह हायर सेकेण्ड्री की प्रावीण्य सूची में 10 परीक्षार्थियों ने स्थान बनाया है।

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के विज्ञान - गणित समूह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फोर्ट ग्वालियर की छात्रा कु. गौरी शर्मा ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वाणिज्य समूह में शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी की छात्रा कु. मनु शुक्ला ने 489 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान पाया है। हाईस्कूल में संत चिन्मय पब्लिक उमावि द्वारिकापुरी के छात्र अनुमोल गोयल ने 496 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले जिले के सभी परीक्षार्थियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने सफल विद्यार्थियों से अपील की है कि अब अपनी अगली उड़ान के लिये तैयार हो जाइए। साथ ही जो परीक्षार्थी असफल रहे हैं, उनसे अपील की है कि आप सब निराश न हों। यह केवल एक छोटा सा पड़ाव है अपनी सोच को सकारात्मक रखें और मन लगाकर पढ़ाई करें, आगे अवश्य सफलता मिलेगी। कलेक्टर ने कहा है कि असफलता ही सफलता का रास्ता दिखाती है। देश और दुनियां में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं कि आरंभ में असफल हुए लोग अपनी मेहनत, लगन व सकारात्मक सोच की बदौलत सफलता के उच्चतम मुकाम पर पहुँचे।



**सांदीपनि पदमाराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम**

हाईस्कूल 98 प्रतिशत
हायरसेकेंडरी 90 प्रतिशत
राज्य मेरिट 2 स्थान
तमन्ना गुप्ता 8वां स्थान 492 अंक
राखी राठौर 9वां स्थान 491

जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी ने बताया कि मौजूदा साल अर्थात वर्ष 2026 में हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2026 में परिणाम 71.39 प्रतिशत रहा है। पिछले साल यानि 2025 में हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 61.93 प्रतिशत था। इस प्रकार मौजूदा साल के हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में 9.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हाईस्कूल परीक्षा में ग्वालियर जिले का परीक्षा परिणाम 65.95 प्रतिशत रहा है। पिछले साल यानि 2025 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 67.99 प्रतिशत था। इस प्रकार मौजूदा साल के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 2.04 प्रतिशत की कमी आई है।

***हाईस्कूल में इन परीक्षार्थियों ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान***

हाईस्कूल में संत चिन्मय पब्लिक उमावि द्वारिकापुरी के छात्र अनुमोल गोयल ने 500 में से 496 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल किया है। इसी तरह शासकीय गजरा कन्या उमावि लश्कर की छात्रा कु. अनुष्का राठौर, संत कंवरराम उमावि डबरा के छात्र अंशुल साहू व शासकीय सांदीपनि उमावि बेरजा के छात्र पंकज बघेल ने 493 - 493 अंक हासिल कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। सांदीपनि पद्मा कन्या उमावि की छात्रा कु. तमन्ना गुप्ता, जैक एण्ड जिल कन्या हाईस्कूल कम्पू लश्कर की कु. पलक चौरसिया, समर्थ बाल मंदिर उमावि आनंदनगर की छात्रा कु. रंजना धाकड़ व एस किण्डर गार्डन हाईस्कूल के छात्र रोहित कुशवाह द्वारा 492 - 492 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान पाया है। इसी तरह शासकीय पद्मा कन्या उमावि लश्कर की छात्रा कु. राखी राठौर, एस किण्डर गार्डन स्कूल तानसेन नगर की छात्रा कु. आयुषी भदौरिया व सम्राट पब्लिक उमावि शिव कॉलोनी मुरार की छात्रा कु. गुनगुन टैगोर ने 491 दृ 491 अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। शासकीय हाईस्कूल बड़ोरी की छात्रा कु. पलक ने 500 में से 490 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान पाया है।

***हायर सेकेण्ड्री में ये परीक्षार्थी आए हैं प्रावीण्य सूची में***

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के विज्ञान गणित समूह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फोर्ट ग्वालियर की छात्रा कु. गौरी शर्मा ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वाणिज्य समूह में शासकीय कन्या उमावि शिंदे की छावनी की छात्रा कु. मनु शुक्ला ने 489 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान पाया है। हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में विज्ञान - गणित समूह में शासकीय बालक उमावि भितरवार के छात्र हर्ष गोयल ने 489 अंक प्राप्त कर चौथा, शासकीय उमावि फोर्ट ग्वालियर के छात्र हर्ष यादव ने 486 अंक प्राप्त कर सातवां एवं लार्ड कृष्णा उमावि ग्वालियर की छात्रा कु. सारिका जाटव ने 485 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान पाया है। हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के वाणिज्य समूह में शासकीय उत्कृष्ट उमावि मुरार-1 की छात्रा कु. अनुष्का शर्मा ने 487 अंक हासिल कर चौथा, गायत्री उमावि निम्बालकर की गोठ लश्कर के छात्र देवराज पाल ने 485 अंक प्राप्त कर छठवां एवं सिद्धार्थ मॉर्डन अंग्रेजी माध्यम उमावि लश्कर की छात्रा कु. कनक अग्रवाल, शासकीय गजराराजा कन्या उमावि की छात्रा कु. सुरभि आवले व सिद्धार्थ मॉर्डन अंग्रेजी माध्यम उमावि लश्कर के छात्र तनिष्क गोस्वामी ने 481-481 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान बनाया है।

***शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरार की छात्रा अनुष्का प्रावीण्य सूची में***

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरार की छात्रा अनुष्का शर्मा ने कक्षा 12वीं में राज्य प्रावीण्य सूची में वाणिज्य विषय से 500 में से 487 अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया है । इस अवसर पर विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रेखा मुले, परीक्षा प्रभारी डॉ. उमेश पाठक ने विद्यालय के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं का पुष्पहार और मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

# सीजन का सबसे गर्म दिन इस साल पहली बार, अधिकतम तापमान पहुंचा 40 डिग्री पार

**– रात का पारा दस दिन बाद सामान्य से ऊपर हुआ**

ग्वालियर। ग्वालियर में अब गर्मी लगातार बढ़ रही है। बुधवार को बीते दिन की अपेक्षा अधिकतम तापमान 0.7 अंक बढ़कर इस सीजन में पहली बार दिन का तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसके चलते दिन के तापमान ने इस साल 2026 में अब तक का रिकार्ड तोड़ दिया है। सुबह 10 बजे से ही असहनीय धूप हो रही है। जबकि दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। रात के तापमान में भी पूरे दस दिन बाद सामान्य से ऊपर पहुंच गया।

मौसम को लेकर भोपाल मौसम वैज्ञानिको का कहना है कि अब दिन के साथ साथ रात की गर्मी भी बढ़ेगी तथा अप्रैल के तीसरे सप्ताह के अंत तक लू चलने की संभावना है। ऐसे में लू से बचकर रहें। ग्वालियर में अभी मौसम साफहै। ऐसे में सुबह से ही तेज धूप हो रही है। आखिर छह दिन से लगातार दिन का तापमान बढ़ रहा है। सात दिन में लगभग 9 अंक तापमान बढ़ गया है और बीते दिन मंगलवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यह सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ था। जबकि बुधवार को 0.7 अंक बढ़कर अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसी तरह बीते दिन मंगलवार को न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। यह सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस मायनस में दर्ज हुआ था। जबकि बुधवार को 2.9 अंक बढ़कर न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 0.6 अंक बढ़कर दर्ज हुआ। यहां बता दें कि अप्रैल माह में न्यूनतम तापमान पांच अप्रैल से सामान्य से



नीचे आंका जा रहा था। जबकि 10 दिन बाद बुधवार को रात का पारा भी सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब दिन के साथ साथ रात की गर्मी भी असहनीय होने की संभावना है।

***धीरे धीरे और बढ़ेगा तापमान, बढ़ेगी गर्मी***

भोपाल मौसम वैज्ञानिक डी अरूण शर्मा ने बताया कि अभी फिलहाल आसमान साफ रहेगा और तापमान धीरे धीरे ऊपर छलांग लगायेगा। जिससे गर्मी और भीषण होती जायेगी। 17 अप्रैल से अंचल में लू चलने की संभावना है।

# झगड़े में बीचबचाव कराने वाले के घर में घुसे बदमाश, बोला हमला

***– कट्टा लहराते हुए किया फायर***

ग्वालियर। बुधवार को खुलेआम गोलियां चलाने और दरवाजे को तोड़ने का एक वीडियो सामने आया है। कट्टा, डंडा से लैस तीन बदमाशों ने एक युवक के घर पर हमला बोल दिया। पहले गोली चलाई फिर किक मारकर दरवाजा तोड़ दिया। अंदर घुसकर जब युवक नहीं मिला तो उसकी पत्नी और तीन बच्चों के सामने कट्टा लहराते हुए फायर कर दिया। इतना ही नहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना उपनगर ग्वालियर के जगनापुरा लधेड़ी में मंगलवार रात की है।

ग्वालियर थाना क्षेत्र के जगनापुरा लधेड़ी निवासी 30 वर्षीय निशा कुशवाह ने शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार रात वह और उसके बच्चे घर पर थे। बाहर से गोली चलने की आवाज आई। वह बाहर देखने के लिए आ रही थी कि तभी उसके दरवाजे पर लात मारे जाने की आवाज आने लगी, जिससे गेट की कुंदी खुल गई। इसके बाद राहुल यादव सहित तीन युवक अंदर आ गए, उनके हाथ में डंडे और कट्टा था। इसके बाद अंदर आते ही



राहुल व उसके साथियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने उससे उसके पति पवन कुशवाह के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि वह घर पर नहीं है। इस पर बदमाशों ने कहा कि आ जाए तो समझा देना। नहीं तो हम उसे खत्म कर देंगे। इसके बाद बदमाशों ने घर में तोड़फोड़ की और फिर बाहर जाकर राहुल यादव ने गोली चला दी। गोली चलने से इलाके में दहशत में फैल गई।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि एक दिन पहले ई-रिक्शा चालक और एक बाइक सवार के बीच बहस हो रही थी, तभी वहां से गुजर रहे पवन कुशवाह ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। वह दोनों को शांत कर अलग कराने का प्रयास कर रहा था। हालांकि, ई-रिक्शा चालक राहुल यादव का साथी होने के कारण उन्हें लगा कि पवन कुशवाह दूसरे पक्ष का समर्थन कर रहा है। इसी गलतफहमी के चलते आरोपियों ने नाराज होकर पवन कुशवाह के घर पर हमला बोल दिया था। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में बदमाश फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने एक राउंड फायर किया, फिर घर के दरवाजे पर लात मारकर अंदर घुसे। अंदर घुसकर तोड़फोड़ की और बाहर निकलते समय फिर से फायरिंग की। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।

# डबरा में अबोध बालिका से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को फांसी

**ग्वालियर।** डबरा में एक अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म और उसकी निर्मम हत्या के मामले में एक आरोपी शेरू जाटव उम्र 27 वर्ष को फांसी की सजा सुनाई गई है। डबरा के चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विक्रम भार्गव ने आरोपी शेरू जाटव पुत्र पातीराम जाटव निवासी थाना करहिया जिला ग्वालियर को दुष्कर्म कर हत्या के आरोप में दोष सिद्ध पाते हुये मृत्यु दंड एवं 7 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार फरियादी पीड़िता के पिता ने हमराह अपने बड़े भाई के साथ थाने आकर जुबानी रिपोर्ट की थी कि 6 फरवरी 2023 को शाम 8 बजे पीड़िता मृतिका उम्र 07 साल की गांव में बारात देखने गई थी, काफी रात तक वह वापस घर नहीं आई तो मैंने व मेरे घरवालों ने लडकी की तलाश की व आस पास पूछताछ की तब एक व्यक्ति ने बताया कि पीड़िता को मैंने रात्रि में शेरू जाटव के साथ देखा था तब मैंने और गांव के सभी लोगों ने मिलकर शेरू जाटव से पूछा कि मेरी लड़की पीड़िता कहां है तो आरोपी शेरू जाटव ने बताया कि वह पीडिता को अपने साढू जो पिछोर में रहता है उसके यहां पर छोड़ आया है तत्पश्चात थाना करहिया को सूचना दी गयी और पीडिता की यथासंभव स्थान पर तलाशी की गयी जब पीडिता उक्त स्थान पर नहीं मिली तब आरोपी शेरू जाटव से पूछताछ की गयी तो आरोपी ने बताया कि खेत में पीडिता के साथ दुष्कर्म कारित कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गयी है आरोपी के बताये हुये स्थान से पीडिता का शव बरामद हुआ । उक्त रिपोर्ट पर से थाना करहिया में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक व परिस्थितजन्य साक्ष्य एवं अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्त शेरू जाटव पुत्र पातीराम जाटव आयु 27 साल निवासी थाना करहिया जिला ग्वालियर को अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए मृत्यु दण्ड एवं 7 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। मामले की पैरवी श्रीमती हेमी गुप्ता विशेष लोक अभियोजक एडीपीओ डबरा द्वारा की गयी।

# किसान के घर से 11 लाख रुपए का माल समेट ले गए चोर

**– पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में चोरों ने मचाया धमाल**

**ग्वालियर।** किसान के घर छत के रास्ते आए चोर नकदी, गहने सहित करीब 11 लाख रुपए का माल साफ कर ले गए। जिस समय चोर वारदात को अंजाम देकर वापस जा रहे थे, उसी समय किसान की बेटी की आंख खुल गई और उसने शोर मचाया तो चोर उसे धक्का देकर भाग निकले। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा में बीती रात करीब तीन बजे की है। बेटी ने शोर मचाया तो अन्य परिजन वहां पहुंचे और चोरों की जानकारी पुलिस को देकर उनकी तलाश की, लेकिन वह हाथ नहीं आए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा निवासी 32 वर्षीय कमल किशोर पुत्र किशनलाल जाटव किसान है। बीती रात उनकी तेरह वर्षीय बेटी को दस्त हो रहा था तो वह बार-बार शौच के लिये जा रही थी। रात करीब तीन बजे वह शौच के लिए जा रही थी। तभी आंगन में उसे एक युवक दिखाई दिया। वह कुछ समझ पाती, उससे पहले ही दो अन्य युवक कमरे से बाहर आते दिखे। उसने आवाज लगाने का प्रयास किया तो युवक उसे धक्का देकर भाग निकले। तुरंत ही उसने शोर मचाया तो अन्य परिजन वहां पर पहुंचे तो पता चला कि भागने वाले चोर हैं। इसका पता चलते ही पुलिस को सूचना दी और चोरों की तलाश की, लेकिन चोर हाथ नहीं आए। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पीडित ने पुलिस को बताया कि चोर उनके घर से 70 हजार रुपए नकदी, सवा किलो चांदी और साढ़े पांच तोला सोने के जेवर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। उधर इसी थाना क्षेत्र के गंगा मालनपुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह यादव ने पुलिस से शिकायत की है कि बीती रात उनके घर चोरों ने धावा बोलकर नकदी 1 लाख 60 हजार रुपए के साथ ही मंदिर में रखी गणेश भगवान की चांदी की मूर्ति चोर चोरी कर ले गए हैं। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# रंजिश पर फायरिंग करने वाले दो पकड़े

**ग्वालियर।** पांच दिन से पुलिस को चकमा दे रहे फायरिंग के दो आरोपियों को उटीला थाना पुलिस ने बंधा रोड से पकड़ लिया है। इस मामले में पकड़े गए दोनों आरोपी भाई है और फायरिंग करने वाले इनके पिता को पुलिस दो दिन पहले ही पकड़ चुकी है। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है।

एसडीओपी बेहट मनीष यादव ने बताया कि विकास पाराशर का आठ दिन पहले त्यागी नगर मुरार में अनुज पाठक और संजीव से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस वक्त इन्होंने विकास की मारपीट की थी। इसी रंजिश को लेकर शनिवार की रात अनुज और संजीव अपने पिता बृजमोहन व कुछ साथियों के साथ चार पहिया वाहन में सवार होकर विकास के घर पहुंचे और फायरिंग की थीं। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर मीरा नगर से वारदात में शामिल बृजमोहन पाठक को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अनुज व संजीव हाथ नहीं आए थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी कि आज सुबह उनका पुलिस से आमना-सामना हो गया और थाना प्रभारी उटीला नरेन्द्र सिसौदिया ने पुलिस बल की मदद से उन्हें पकड़ लिया। पुलिस अब पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में जुटी हुई है।

# आज से शुरू होगी स्व-गणना, प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण शुरू

ग्वालियर। जिले में भी विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में शामिल भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। जिले के नागरिकों को स्व-गणना का अवसर मिला है। एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है। जिले में गुरुवार 16 अप्रैल से स्व-गणना शुरू होगी।

जिले में चल रहीं जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार 15 अप्रैल से प्रगणकों एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। तीन चरणों में सभी प्रगणकों व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण पूर्ण होगा। बुधवार को



ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र के प्रगणकों और सुपरवाइजर का प्रथम चरण प्रशिक्षण आईआईटीटीएम व शिक्षानगर स्कूल में शुरू हुआ। इसी तरह डबरा के आईआईपीएस स्कूल, चीनोर में ज्ञान सरोवर स्कूल एवं भितरवार के मॉडल स्कूल सहित जिले में अन्य स्थानों पर यह प्रशिक्षण शुरू हुआ। मास्टर ट्रेनर एसबी ओझा ने बताया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल, द्वितीय चरण में 19 से 21 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 23 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इन तीनों चरण के माध्यम से शतप्रतिशत प्रगणक व सुपरवाइजर प्रशिक्षित होंगे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिलेवासियों से भी अपील की कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतरू गोपनीय रहेगी।

# भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास कर रहे है मानसिक आरोग्यशाला के संचालकः संघ

**ग्वालियर।** सर्वमानव कल्याण महासंघ के अध्यक्ष भानुप्रताप चौरसिया ने मानसिक आरोग्यशाला के संचालक पर मर्सीहोम में पदस्थ कर्मचारियों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वे अपने भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास कर रहे है। जानबूझकर अनियमिततायें बरती जा रही है और मर्सीहोम के समस्त स्टाफ को प्रताड़ित किया जा रहा है। ठेका कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर तक की बार बार फोटोकापी मंगाई जा रही है।

यहां तक कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगाने के लिये मेडीकल आफीसर को मजबूर किया जा रहा है। जबकि जब जब मर्सीहोम में कलेक्टर, एनएचएम टीम ने औचक निरीक्षण किया है तब तब मेडीकल आफीसर एवं स्टाफ का कार्य संतोषजनक मिला है। मेंटल हास्पीटल के संचालक मर्सीहोम के गार्ड को धमकाया है। चोरी से रजिस्टर लेने की मांग की है। अब संघ मांग करता है कि मानसिक आरोग्यशाला के संचालक को तत्काल हटाया जाये, ताकि मानसिक आरोग्यशाला में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता को रोका जा सकें। वहीं ठेका कर्मचारियों को प्रताड़ित होने से रोका जा सकें।

# सिरफिरे प्रेमी ने छात्रा और उसके दोस्त के साथ की मारपीट

**ग्वालियर।** प्यार टूटने से नाराज सिरफिरे प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ प्रेमिका व उसके दोस्त की मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के कास्मो एम्पायर सिरोली में मंगलवार दोपहर दो बजे की है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

हजीरा कांचमिल निवासी 21 वर्षीय युवती छात्रा है और जीवाजी विश्वविद्यालय से बीपीएड कर रही है। एक साल पहले उसका प्रेमी आकाश गुप्ता से ब्रेकअप हो गया है और कुछ दिनों से उसकी दोस्ती पियूष द्विवेदी से है। ब्रेकअप के बाद भी आकाश उसका पीछा कर परेशन कर रहा था और उससे छेड़छाड़ करता था। छात्रा व उसके दोस्त पियूष के पैर में लिगामेंट इंजुरी आई थी, जिसकी एमआरआई कराने के लिए दोनों को जाना था। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे छात्रा दोस्त के फ्लैट पर पहुंची तो वहां पर आकाश अपने दो साथियों के साथ आ धमका। इसके बाद आकाश छात्रा को घसीटता हुआ अंदर वाले कमरे में खींच ले गया और बात करने के लिए बोला। जब छात्रा ने बात करने से मना किया तो धमकी दी कि अगर उससे बात नहीं की तो उसके घर वालों को उसके बारे में बता दूंगा। साथ ही उसे व उसके दोस्त को जान से खत्म कर दूंगा। इसके बाद आकाश ने छात्रा व आकाश के दोस्तों ने पियूष की मारपीट करना शुरू कर दिया। वह बेरहमी से मारपीट कर रहे थे कि तभी मौका पाकर पियूष गेट खोलकर बाहर पहुंचा और मदद के लिए आवाज लगाई तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वारदात की शिकार छात्रा व उसका दोस्त थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी, लेकिन वह घर से फरार मिले हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# फर्जी हत्या के प्रयास के मामले में फरार इनामी बदमाश पकड़ा


**ग्वालियर।** फर्जी हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दस हजार रूपये के इनामी बदमाश को उटीला पुलिस ने मोहनपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश भिंड जिले के उमरी थाना क्षेत्र से फरार था और पुलिस अधीक्षक भिंड ने उस पर पांच हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर उमरी पुलिस को सौंप दिया है। एसडीओपी बेंहट मनीष यादव ने बताया कि उटीला थाना पुलिस ने दस हजार रूपये के इनामी बदमाश नंदी उर्फशिवराज त्यागी पुत्र राकेश त्यागी निवासी ग्राम कनाथर थाना अमायन जिला भिण्ड को मोहनपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उटीला नरेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि उन्हें जरिये मुखबिर सूचना मिली थी कि एक बदमाश मोहनपुर पुल के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस की टीम को मौके पर भेजा तो पुलिस को देखकर बदमाश ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नंदी उर्फशिवराज त्यागी बताया। पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश काफी समय से फरार था और उस पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर और पुलिस अधीक्षक भिंड द्वारा पांच-पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी द्वारा पूर्व में षड्यंत्रपूर्वक झूठा हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कराया गया था, जिसकी जांच के दौरान वास्तविकता सामने आने पर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।


**नाम सुधार सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरिओम व्यास** (Hariom Vyas) **निवासी- D-75 बसंत विहार ग्वालियर म.प्र का नाम हाईस्कूल अंकसूची रोल नंबर 11326406 एवं जन्म दिनांक 16/01/1986 में हरिओम व्यास** (Hariom Vyas) **के स्थान पर** 'Hariom Byas' **दर्ज हो गया है। कृपया उपरोक्त संदर्भ में मेरा नाम** Hariom Byas **के स्थान पर** Hariom Vyas **भविष्याक सन्दर्भ में पढ़ा जाए।**

# महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज जिनका जीवन ईश्वर भक्ति के लिए है












-चन्द्रप्रकाश शिवहरे-
प्रधान संपादक

**ग्वालियर।** स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस पर उनके शिष्य कमल सिंह कुशवाहा ने बताया कि संस्कारवान कुलीन कान्यकुब्ज ब्राम्हण परिवार में दिनांक 15 जून 1955 को मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा नगर में जन्म हुआ । श्रीमती राजेश्वरीदेवी दुबे एवं श्रीमान् सत्यनारायण दुबे की इकलौती सन्तान ध्रुवनारायण दुबे को बाल्यावस्था में ही अपने माता-पिता का वियोग सहना पड़ा। अतः आपका लालन-पालन नाना- नानी के संरक्षण में हुआ। ग्यारहवीं कक्षा तक की शिक्षा छिन्दवाड़ा में ही प्राप्त की। कालान्तर में नाना-नानी का भी वियोग हो गया। बालक ध्रुव जब 07 वर्ष की आयु के थे तभी से धार्मिक संस्कार आपको अपने नाना एवं नानी तथा परनानाजी से ही मिलने लगे। फलतः 12 वर्ष की आयु से धार्मिक अनुष्ठान, जैसे- गणेश पूजन, दुर्गा पूजन, महाशिवरात्रि में शिव पूजन, श्रावणमास में रामायण पाठ में हिस्सा लेना तथा नगर में होने वाले धार्मिक आयोजनों में मनोयोग पूर्वक सम्मलित होना, श्रीमदभागवत कथा में विशेष अभिरुचि, साधु- सन्त- महात्माओं की सेवा में तत्पर रहना आदि कारणों से बालमन में वैराग्य की तीव्र वृत्त ने जन्म लिया।

**वैराग्य का संकल्प :**

04 नवम्बर 1971 दिन वृहस्पतिवार को प्रातः ब्रम्ह मुहूर्त में उठकर भगवान शिव एवं अपने आराध्य प्रभु श्रीराम जी के मन्दरि में जाकर देव विग्रहों को प्रणाम कर अपने ननिहाल एवं पितृ पक्ष के सभी आत्मीय परिजनों को छोड़कर भगवान श्रीराम की पावन तपस्थली चित्रकूट धाम की ओर सदा-सदा के लिए किशोर ध्रुव प्रस्थान कर गये। चित्रकूट तथा बुन्देलखण्ड में अपनी तपश्चर्या और कठोर आध्यात्मिक साधना के लिये सुविख्यात सन्त अवधूत शिरोमणि, विरक्त सन्त, परमवीतरागी, परमहंसवृत के धनी क्षोत्रिय ब्रम्हनिष्ठ स्वामी अव्यक्तबोधाश्रम महाराज (स्वामी परशुराम महाराज इस नाम से ख्यातिलब्ध) से यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कारपूर्वक विधिवत गायत्री मन्त्र, पंचाक्षरी मन्त्र (शिवमन्त्र ) की दीक्षा लेकर, इन्ही की सेवा में रहते हुए शिव उपासना, गायत्री मन्त्र साधना, अनुष्ठान में संलग्न रहे, इस अवधि में घोर जंगलों में रहकर आपने कठिन साधना की।

**स्वाध्याय - शिक्षा :**

सन् 1978 में संस्कृत भाषा के माध्यम से विद्याध्ययन की इच्छा प्रबल होने के कारण पूज्य गुरुदेव से आज्ञा लेकर सीतापुर, ऋषिकेश, हरिद्वार और वाराणसी में संस्कृत व्याकरण तथा शांकरवेदान्त विषय से शास्त्री तक की शिक्षा ग्रहण किया । विद्याध्ययन काल में ऋषिकेश स्वर्गाश्रम क्षेत्र में गंगा तट स्थति परमार्थ निकेतन में दैवी सम्पद् अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय में रहकर महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी असंगानन्द सरस्वती महाराज से शिक्षा प्राप्त की। भारतीय पारम्परिक शास्त्रों को पारम्परिक पद्धति से उपाधियों की अपेक्षा ना रखते हुए आपने गहन अध्ययन किया साथ ही वर्तमान संदर्भ में उन शास्त्रीय तत्त्वों की निरन्तर व्याख्या की है और करने जा रहे हैं।

**साधना और तप :**

पूज्य स्वामी अव्यक्तबोधाश्रम महाराज से गायत्री एवं पंचाक्षर मन्त्र दीक्षा के बाद आपने विधिवत नैष्ठकि ब्रम्हचर्य की दीक्षा लेकर गैरिक (भगवा) वस्त्र धारण किया। नैष्ठकि ब्रम्हचारी के रूप में आपने चित्रकूट उत्तरप्रदेश के बांदा एवं फतेहपुर जिलों के जंगलों में गंगा एवं यमुना तटों में तथा तीर्थराज प्रयाग में गायत्री साधना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किये। स्वयंपाकी नैष्ठकि ब्रम्हचारी के रूप में दैनिक तपश्चर्या साधना एवं गुरुभक्त तथा सेवा के कारण अपने सद्गुरुदेव स्वामी अव्यक्तबोधाश्रम जी महाराज के अत्यन्त कृपा एवं विश्वास पात्र सदिशष्य के रूप में भक्त मण्डली तथा क्षेत्र में लोकप्रिय हुए। आपका ब्रम्हचारी जीवन में गुरुदेव ने नामकरण किया ब्रम्हचारी ध्रुवनारायण स्वरूप'।

**ब्रम्हचारी ध्रुवनारायण :**

ब्रम्हचारी ध्रुवनाराण के नाम से आप हिन्दुत्व के प्रखर प्रचारक एवं मुखरवक्ता के रूप में मध्यप्रदेश, मध्यभारत एवं छत्तीसगढ़ प्रान्त में प्रख्यात हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े रहने के कारण श्रीराम जन्मभूमिमुक्ति आन्दोलन के समय आप विश्व हिन्दु परिषद के कार्य से संलग्न रहकर वनवासी क्षेत्रों में जनजागरण, धर्मजागरण एवं गो-रक्षा जैसे पुनीत कार्य में सक्रिय और समर्पित रहे। आपके प्रयास एवं जनसहयोग से आपने 2500 (दो हजार पांच सौ) आदिवासियों को जिन्होंने हिन्दु धर्म छोड़ ईसाई धर्म अपना लिया था उन्हें फिर से हिन्दु धर्म में सम्मान पूर्वक वापस लाकर उनका परावर्तन संस्कार कराया। हिन्दुत्व के मुखर वक्ता और प्रखर प्रचारक के रूप में वनवासी क्षेत्रों में आज भी आप प्रभावशाली महात्मा के रूप में जाने जाते हैं। आपकी अनुशासन क्षमता एवं प्रशासन क्षमता उक्त आयोजनों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इसके अतिरिक्त मण्डला जिला म.प्र. के कोसमडीह तथा बरगांव ग्रामीण क्षेत्र में आपके सत्प्रयासों और आर्थकि सहयोग से मन्दारों का निर्माण हुआ है। आपने बरगांव में गोशाला, वनवासी छात्रावास एवं श्री माधवेश्वर बड़ादेव मंदिर तथा गोशाला की आधारशिला रखकर इस जनहितकारी कार्य को मूर्तरूप दिया है तथा आज भी इस स्थान की चिन्ता करते हैं। वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले कल्याण मेला में आपका भरपूर मार्गदर्शन एवं योगदान रहता है।

**संन्यास दीक्षा :**

सन् 1995 में ब्रम्हचर्य जीवन के मार्गदर्शक पूज्य सद्गुरुदेव स्वामी अव्यक्तबोधाश्रम महाराज के ब्रम्हलीन हो जाने के बाद आपके मन में संन्यास की तीव्र इच्छा जाग्रत हो जाने एवं पूर्व से सम्पर्क होने तथा पूर्ण श्रद्धा और प्रबल विश्वास के कारण आपने निवृत्त शंकराचार्य महामण्डलेश्वर भारतमाता मन्दिर, हरिद्वार के संस्थापक परम पूज्य स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज से संन्यास दीक्षा हेतु विनम्र प्रार्थना की, पूज्य स्वामी जी ने सन् 1998 में हरिद्वार में आयोजित पूर्ण कुम्भ के अवसर पर 14 अप्रेल को ब्रम्हचारी ध्रुवनारायण को विधिवत संन्यास दीक्षा देकर इनका नामकरण किया 'स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि'।

समन्वय सेवा केन्द्र बना कार्य स्थली संन्यास दीक्षा ग्रहण कर स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि महाराज पूज्य गुरुदेव की आज्ञा से जबलपुर (म.प्र.) स्थति समन्वय सेवा केन्द्र' आश्रम आदि शंकराचार्य चौक 'शास्त्री ब्रिज' का सुचारू एवं कुशल संचालन कर रहे हैं तथा जबलपुर और समस्त समन्वय परिवारों की धार्मिक, आध्यात्मकि, सामाजिक एवं मध्यप्रदेश स्थति सेवाभावी लोकोपकारक रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न हैं साथ ही वनवासी (आदिवासी) अंचलों में धर्मजागरण पूर्वक सेवा कार्यों का संचालन कर रहे हैं। जबलपुर में आपके संकल्प और प्रयत्न से श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर तथा समन्वय गो-शाला का निर्माण एवं वृद्ध व रुग्ण संन्यासी चिकित्सा सेवा प्रकल्प स्थापित हुआ है । यज्ञानुष्ठान / धार्मिक आयोजनों में संतों का आशीर्वाद ब्रम्हचारी जीवन में आपने वनवासी क्षेत्रों में बड़े-बड़े धार्मिक यज्ञ- अनुष्ठान आयोजित करवाये तथा समाज को सन्मार्ग पर चलने की सामाजिक प्रेरणा आयोजनों के माध्यम से दिये और आज भी दे रहे हैं।

**ख्यातिलब्ध संतों का आगमन:**

आपके वृहद् आयोजनों में परम विरक्तशिरोमणि, वीतरागी सन्त वामदेव महाराज, गो-रक्षा के लिये समर्पित सन्त प्रभुदत्त ब्रम्हचारी महाराज, पूज्य स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज, गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महन्त अवेद्यनाथ महाराज, पूज्य स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती महाराज, अयोध्या, वाराणसी, वृन्दावन, नैमिषारण्य आदि तीर्थ स्थलों के अनेक ख्यातिलब्ध सन्तों का आगमन एवं आशीर्वाद तथा क्षेत्र की जनता को धार्मिक, आध्यात्मक तथा सामाजिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि महाराज रामायण, गीता, महाभारत तथा उपनिषदों के माध्यम से आध्यात्मिक प्रवचन करते हैं तथा समाज में सदाचार, सदविचार, सदगुणों, सेवा, धर्म आधारित परम्परागत भारतीय जीवन शैली का प्रचार-प्रसार कर भारतीय संस्कृति के उन्नयन हेतु प्रयासरत हैं।

**अन्य विशेषतायें:**

प्रपंचरहित निश्छल जीवन, सरल व्यक्तित्त्व, सन्तत्त्व से परिपूर्ण, बाल सुलभ स्वभाव, सादा जीवन, उदारशीलता, सबके प्रति प्रेम, भेदभाव रहित व्यवहार, दीनदुखियों के प्रति संवेदनशीलता, सबके प्रति उदार परन्तु स्वयं के प्रति कठोर, भारतीय मान्य परम्पराओं एवं संस्कृति के प्रति आग्रही, नैष्ठिक ब्रम्हचर्य सम्पन्न स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि के व्यक्तित्त्व की विशेषताओं को संक्षेप में बता पाना कठिन है, फिर भी इन तथ्यों से उनके विराट व्यक्तत्वि का दिग्दर्शन प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज समन्वय सेवा ट्रस्ट हरिद्वार के ट्रस्टी तथा समन्वय परिवार ट्रस्ट जबलपुर के ट्रस्टी / अध्यक्ष एवं ग्वालियर, समन्वय परिवार सेवा न्यास के ट्रस्टी पद पर कार्य कर रहें हैं।

**यूं बने महामंडलेश्वर:**

पुनश्च हरिद्वार में वर्तमान सदी के प्रथम पूर्ण महाकुम्भ के सुअवसर पर दिनांक 21 मार्च 2010 को आद्य जगद्गुरू शंकराचार्य की दशनाम संन्यास परम्परा में तपोनिधि श्री निरंजनी अखाड़ा मायापुरी (हरिद्वार) के पंच परमेश्वर द्वारा स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि का महामण्डलेश्वर पद पर मस्तकाभिषेक पूर्वक पट्टाभिषेक सम्पन्न हुआ, दशनाम संन्यास परम्परा में अध्यात्म क्षेत्र के 'महामण्डलेश्वर' इस महत्वपूर्ण पदसे अलंकृत उन्हें पूज्य स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज द्वारा स्थापित 'समन्वय श्री पारदेश्वर पीठम, मुर्धवा, रेनकूट, जिला - सोनभद्र (उ.प्र.) इस पीठ का पीठाधीश नियुक्त किया, जिसका अनुमोदन पंच परमेश्वर तपोनिधि निरंजनी अखाड़ा के महंतों, सचिवों एवं 40 पूज्य महामण्डलेश्वरों ने किया। पट्टाभिषेक के अवसर पर तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों (महन्तों), महामण्डलेश्वरों तथा समन्वय परिवारों के प्रतिनिधियों ने शाल ओढ़ाकर समन्वय श्री पारदेश्वर पीठाधीश्वर महामण्डेलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरनन्द गिरि महाराज का सम्मान किया।

**सामाजिक रचनात्मक कार्यों में भागीदारी एवं सक्रियता:**

सन् 2004 में स्वामी अखिलेश्वरानन्द गिरि ने उज्जैन में सिंहस्थ कुम्भ मेला में भारत माता मंदिर के शिविर का सफलता पूर्वक संचालन किया तथा मेला क्षेत्र के सफाई कर्मियों को संगठित कर अपने गुरूजी स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि के 'सामाजिक समरसता मिशन ' अन्तर्गत मेलाक्षेत्र में शाही यात्रा शोभायात्रा में सफाई कर्मियों के साथ जिसमें निवृत्त शंकराचार्य, निरंजनी अखाड़ा के वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी श्री सत्यमित्रानन्द गिरि जी भी सम्मलित हुये थे, क्षिप्रा स्नान करने के सामूहिक आयोजन में न केवल हिस्सा लिया बल्क उन सभी वंचित समाज के बंधु / भगिनियों का तिलक चंदन लगाकर सम्मान किया उन्हें द्रव्य-दक्षिणा प्रदान कर देश व्यापी सामाजिक जागरण का संदेश दिया। स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने प्रयागराज के विभिन्न कुम्भ महाकुम्भ एवं हरिद्वार के कुम्भ/ अर्द्ध कुम्भ में भी भारत माता मंदिर के शिविरों का कुशल संचालन किया गुरुजी जन्म शताब्दविर्ष (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिव राव गोलवरकर की जन्म शताब्दी) में समिति के महाकोशल प्रान्त के अध्यक्ष रहे तथा आयोजित कार्यक्रमों में पिछड़ी बस्तायों में घर-घर जाकर वंचित समाज के बंधु भगिनियों का सम्मान किया। सेवा बस्तयों में आयोजित सहभोज में हिस्सा लिया। सन् 2010 में विश्व मंगल गोग्राम यात्रा में 45 दिनों तक 10 राज्यों का भ्रमण किया तथा गोवंश रक्षा हेतु व्यापक जन जागरण किया। इसके पूर्व 1995 में विश्व हिन्दु परिषद द्वारा त्रिवर्षीय गोरक्षा जागरण अभियान में महाकोशल प्रान्त में सागर, जबलपुर, रीवा सम्भाग में सक्रिय रहे इसके पूर्व स्वदेशी जागरण अभियान में महाकोशल प्रान्त के डिण्डौरी, मण्डला, बालाघाट, सिवनी, छिन्दवाड़ा, जिलों में 'भारत शासन द्वारा पारित डंकल प्रस्ताव' के विरूद्ध जन जागरण का दायित्व निर्वहन किया । सन् 2016 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'म.प्र. गोपालन एवं पशुधन संवर्द्धन बोर्ड में कार्यपरिषद के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया तथा दूसरी बार सन् 2021 में पुनः गौसंवर्द्धन बोर्ड की कार्यपरिषद के अध्यक्ष पद पर शासन द्वारा नियुक्त किये गये। इस पद पर आने के पश्चात् गोवंश रक्षा के क्षेत्र में अनेक आयाम स्थापित कर रचनात्मक कार्यों का सूत्रपात किया। कोरोना काल में जबलपुर नगर में निर्धन परिवारों की अन्न-वस्त्र औषधि आदि प्रदान कर सभी वर्गों के निर्धन परिवारों की बिना किसी भेद-भाव के सेवा की। जबलपुर शहर से बाहर भी मण्डला, डिण्डौरी जिलों के आदिवासी समाज के निर्धन परिवारों को अन्न औषधि प्रदान कर हजारों परिवारों की सेवा की। शहर के निर्धन ब्राह्मण परिवारों में (ऐसे ब्राम्हण परिवार जिनकी पाण्डत्यिवृत्त अवरूद्ध हो गई, लाकडाउन के दौरान) उनकी अन्न-वस्त्र से सेवा की। इस वर्ष मंगलवार को स्वामी जी महाराज का संन्यास दिवस ग्वालियर स्थित समन्वय सेवा आश्रम में विराजमान श्री सर्वेश्वर महादेव की सन्निधि में एक दिवसीय श्री लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ एवं श्री सर्वेश्वर महादेव के पूजन / रुद्राभिषेक अनुष्ठान पूर्वक सम्पन्न हुआ है, जिसमें स्थानीय समन्वय परिवार के सदस्य और स्वामी महाराज के भक्त, शिष्य गण सहभागी रहे।



# अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना
## चेन्नई के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते कार्रवाई




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 22वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर स्लोओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान कोलकाता की टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण बीसीसीआई ने कप्तान पर यह एक्शन लिया है।

**केकेआर का सीजन का यह पहला स्लोओवर रेट है**

मैच के बाद जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीजन का पहला अपराध था।

नियमों के अनुसार, सीजन की पहली गलती होने के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया। अगर टीम दोबारा ऐसी गलती करती है, तो जुर्माने की रकम बढ़ जाएगी और टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी मैच फीस का जुर्माना लग सकता है।

**क्या है स्लो ओवर रेट का नियम?**

आईपीएल के नियमों के अनुसार, हर टीम को 20 ओवर फेंकने के लिए एक निश्चित समय (डेढ़ घंटा या 90 मिनट, जिसमें रणनीतिक ब्रेक शामिल हैं) दिया जाता है। अगर पारी खत्म होने तक टीम निर्धारित समय से पीछे रहती है, तो इसे 'स्लो ओवर रेट' माना जाता है। फील्ड पर मौजूद अंपायर और मैच रेफरी इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। कप्तान की जिम्मेदारी होती है कि वह खेल की रफ्तार बनाए रखे।

**अगली गलती पर लग सकता है बैन**

आईपीएल नियमों के मुताबिक, अगर रहाणे की टीम सीजन में दूसरी बार स्लो ओवर रेट की गलती करती है, तो कप्तान पर 24 लाख रुपये और टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 25% या 6 लाख रुपये (जो भी कम हो) जुर्माना लगेगा।

# बार्सिलोना चैंपियंस लीग से बाहर हुई, एटलेटिको मैड्रिड ने 3-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया



**नई दिल्ली।** चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराया, लेकिन कुल स्कोर 3-2 रहने से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले लेग में एटलेटिको ने 2-0 की जीत हासिल की थी, जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। इस जीत की बदौलत वह एग्रीगेट स्कोर पर 3-2 से आगे रही।

एटलेटिको मैड्रिड 2017 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। अब अगले दौर में उनका मुकाबला आर्सेनल या स्पोर्टिंग लिस्बन में से किसी एक से होगा।

**शुरुआती 24 मिनट में बार्सिलोना ने बनाए दो गोल**

मैच के शुरुआती 24 मिनटों में ही बार्सिलोना ने दो गोल कर बढ़त बना ली थी। चौथे मिनट में ही युवा खिलाड़ी लेमिन यमल ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने एटलेटिको के डिफेंडर क्लेमेंट लेंगलेट की गलती का फायदा उठाया। इसके बाद 24वें मिनट में फेरान टॉरेस ने दानी ओल्मो के पास पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड ने हार नहीं मानी और मैच में वापसी की।

**एडमोला लुकमैन का गोल टर्निंग पॉइंट बना**

मैच का सबसे अहम मोड़ 31वें मिनट में आया। मार्कोस लोरेंटे के पास पर एडमोला लुकमैन ने एटलेटिको के लिए गोल किया। यह गोल एग्रीगेट स्कोर के लिहाज से निर्णायक साबित हुआ।

**दूसरे हाफ में मौके, लेकिन किस्मत नहीं**

दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने एक और गोल किया, लेकिन फेरान टोरेस का यह गोल ऑफसाइड करार दे दिया गया। गोलकीपर जोन गार्सिया ने भी एक अहम बचाव किया। मैच के दौरान गावी और माटेओ रुगिएरी के बीच टक्कर में रुगिएरी को चोट लगी और खेल कुछ देर रुका।

# हार्दिक पांड्या ने सुनील छेत्री को भेंट की एमआई की जर्सी, ट्रेनिंग कैंप में पहुंचे थे फुटबॉलर




मुंबई। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) के ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने छेत्री को एमआई की जर्सी भेंट की। ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे सुनील छेत्री से एमआई के कई खिलाड़ी बात करते हुए नजर आए। छेत्री ने महेला जयवर्धने, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों से बातचीत की और अपने शानदार करियर के अनुभव शेयर किए। छेत्री ने एमआई के एक टीवी वीडियो में कहा, 'मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं। '

एमआई के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत शानदार रही थी। टीम ने 2012 के बाद किसी भी सीजन का पहला मैच इस बार जीता, लेकिन उसके बाद से टीम ने एक भी मैच नहीं जीता है। एमआई 4 मैचों में 3 हार के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है।

टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए अपने आखिरी मैच में 18 रन से हार का सामना करना पड़ा था। एमआई के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा इस मैच में इंजर्ड होकर रिटायर हर्ट हुए थे। एमआई की तरफ से उस मैच में शरफेन रदरफोर्ड ने शानदार पारी खेली थी और 31 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए थे। हालांकि, रदरफोर्ड अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके थे।

मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। एमआई के लिए इस मैच में जीत बेहद जरूरी है, जो पंजाब किंग्स के फॉर्म को देखते हुए बिल्कुल भी आसान नहीं लगता है।.

# शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप, वॉर्नर की सिडनी थंडर कप्तानी पर संकट



**नई दिल्ली।** सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप के बाद अनुभवी ओपनर डेविड वॉर्नर का सिडनी थंडर के कप्तान के तौर पर भविष्य सवालों के घेरे में आ गया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे कामयाब बल्लेबाजों में से एक वॉर्नर को ईस्टर संडे के दिन शहर के पूर्वी उपनगरों में रोका गया था। आरोप है कि उस समय उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 पाया गया, जो कानूनी सीमा से दोगुने से भी ज्यादा है। वॉर्नर को आगे की जांच के लिए मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर लोकल कोर्ट में पेश होना है। वॉर्नर सिडनी थंडर टीम में एक अहम लीडरशिप की भूमिका में हैं। यह संस्था लंबे समय से सड़क सुरक्षा से जुड़ी पहलों में सक्रिय रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने क्रिकेट एनएसडब्ल्यू को एक मुश्किल स्थिति में डाल दिया है।क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी ली जर्मन ने मामले की गंभीरता को स्वीकार किया है। हालांकि, कानूनी कार्रवाई जारी होने के कारण उन्होंने इस पर विस्तार से टिप्पणी करने से परहेज किया। 39 वर्षीय बल्लेबाज ने साल 2024 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

'द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' अखबार के अनुसार, ली जर्मन ने कहा, 'मैं इस घटना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि यह मामला कानूनी दायरे में आता है। बेशक, ये आरोप चिंताजनक हैं और हम इन्हें बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। क्रिकेट एनएसडब्ल्यू में, हम सुरक्षित ड्राइविंग के प्रबल समर्थक हैं, न कि शराब पीकर गाड़ी चलाने के। हम इस मामले में अपने खिलाड़ियों को काफी जागरूक करते हैं। हम इस पूरी प्रक्रिया में डेविड का साथ देंगे, यह जानते हुए कि उन पर एक कोर्ट केस चल रहा है, लेकिन साथ ही हम इस बेहद अहम मुद्दे पर अपने खिलाड़ियों को और भी ज्यादा जागरूक करने की कोशिश करेंगे। क्रिकेट एनएसडब्ल्यू और थंडर टीम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। इसमें ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ उनका सालाना मैच भी शामिल है, जिसे 'रोड सेफ्टी कप' के नाम से जाना जाता है। यह सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर चलाया जाने वाला एक अहम अभियान है।

जैसे-जैसे कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, वॉर्नर का नेतृत्व वाला पद अभी भी अनिश्चित बना हुआ है। उम्मीद है कि क्रिकेट एनएसडब्ल्यू आने वाले हफ्तों में इस मामले का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगा।

जर्मन ने कहा, 'यह बात ध्यान में रखें कि फिलहाल ये सिर्फ आरोप हैं। सिडनी थंडर की कप्तानी के मामले पर उचित समय आने पर फैसला लिया जाएगा।'

## व्यापार

# योगी, टाटा की 10 लाखवीं गाड़ी में घूमे



लखनऊ। लखनऊ में टाटा मोटर्स प्लांट में 10 लाख गाड़ियां बन चुकी हैं। बुधवार को सीएम योगी ने 10 लाखवीं गाड़ी (ई-बस) को हरी झंडी दिखाई। उसमें बैठे भी। इस दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने उन्हें गाड़ी की खासियत बताई।

सीएम ने कहा- 10 लाखवें वाहन का उत्पादन सिर्फ एक औद्योगिक उपलब्धि नहीं, ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है। यह उस नए यूपी का प्रतीक है, जो देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि यह उड़ान रुकने वाली नहीं, बल्कि और अधिक ऊंचाइयां छुएगी।

वहीं, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा- आज हम सब यहां 10 लाखवें वाहन के साक्षी बने हैं। यहां कॉमर्शियल व्हीकल का उत्पादन किया जाता है। सप्लायर, पार्टनर और कम्युनिटी का एक मजबूत इकोसिस्टम है। हम अगले 5 साल में 20 लाख व्हीकल बनाएंगे। 10 लाखवीं गाड़ी चिनहट स्थित देवा रोड प्लांट में बनी है। यह प्लांट 1992 में लखनऊ में स्थापित किया गया था। इससे करीब 8 हजार लोगों को रोजगार मिला है। यहां से 15 देशों में टाटा की गाड़ियां एक्सपोर्ट होती हैं। सीएम ने कहा- जब हम 'मोमेंटम' की बात करते हैं, तो यह केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता। जहां द्रव्यमान (द्वड्डह्यह्य) होता है, वहां गति (1द्गद्यश्रष्द्बह्ल4) भी होती है। यही गति हमें नई ऊर्जा और ताकत देती है। यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य है। इसमें 56% युवा हैं। हमने युवाओं को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उन्हें मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स बनाने का काम किया है। आज यूपी में जो औद्योगिक माहौल बना है, वह केवल कागजों या आंकड़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई देता है। बेहतर होती कानून-व्यवस्था, तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत कनेक्टिविटी ये सभी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ताकत दे रहे हैं। हम सभी ने बचपन से टाटा मोटर्स के वाहनों को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनते देखा है। चाहे वह बसों में यात्रा हों या ट्रकों के जरिए देशभर में सामान पहुंचाना। समाज की अंतिम जरूरतों को पूरा करने में टाटा समूह हमेशा अग्रणी रहा है। आज भी टाटा का नाम विश्वास, गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक है।लोग मानते हैं कि 'टाटा' का मतलब है- भरोसा।

# भारत की इकोनॉमी में गिरावट, 6वें नंबर पर आया, वजह- डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट




**नई दिल्ली।** भारत की इकोनॉमी दुनिया की रैंकिंग में 5वें नंबर से गिरकर 6वें नंबर पर आ गई है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के अनुसार अब ब्रिटेन एक बार फिर भारत से आगे निकल गया है।

भारत की जीडीपी में ये गिरावट डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से आई है। इस साल की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 89.91 पर था जो अब 93.38 रुपए पर आ गया है।

भारत की जीडीपी 2025 में 3.92 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, ब्रिटेन की तष्ठ्ठ 2025 में 4 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.26 ट्रिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है।

**रैंकिंग में गिरावट की 2 मुख्य वजहें**

भारत की ग्लोबल रैंकिंग में इस बदलाव के पीछे 2 बड़े कारण माने जा रहे हैं...

बेस ईयर में बदलावः सरकार ने जीडीपी के बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। इस बदलाव और नए पेटर्न की वजह से इकोनॉमी के साइज में 2.8% से 3.8% तक की कमी आई है।

रुपए की कमजोरीः डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आई गिरावट ने भी असर डाला है। जिससे डॉलर में आंकी जाने वाली तष्ठ्ठ कम हो गई। इसके उलट ब्रिटिश पाउंड मजबूत हुआ है, जिससे उनकी इकोनॉमी की वैल्यू बढ़ गई है।

**2027 में बनेगा चौथी बड़ी इकोनॉमी, जापान को छोड़ेंगे पीछे**

यह गिरावट केवल अस्थायी साबित हो सकती है। आईएमएफ का अनुमान है कि भारत 2027 तक एक लंबी छलांग लगाएगा और जापान-ब्रिटेन दोनों को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा।

# अक्षय तृतीया से पहले सर्राफा बाजार में तेजी
## चांदी 11800 चढ़ी, सोना 1.58 लाख रुपये पार



**नई दिल्ली।** आगामी 19 अप्रैल को मनाए जाने वाले शुभ पर्व अक्षय तृतीया से ठीक पहले भारतीय सर्राफा बाजार रौनक दिखी। आभूषण निर्माताओं और स्टॉकिस्टों की ओर से हो रही मजबूत खरीदारी के दम पर बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुएं खरीदने के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है।

**चांदी और सोने की कीमतों में ऐतिहासिक वृद्धि**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के आंकड़ों के अनुसार, सफेद धातु यानी चांदी की कीमतों में 11,800 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा उछाल आया है। 4.81 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ चांदी सोमवार के 2,45,200 रुपये के बंद स्तर मजबूत होकर अब 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। मंगलवार को आधिकारिक छुट्टी के कारण सर्राफा बाजार में कारोबार बंद था।

चांदी की तरह ही पीली धातु में भी तेजी का रुख कायम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगभग 2 प्रतिशत या 3,000 रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई। इस वृद्धि के बाद सोने का भाव 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया है, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर टिका हुआ था। बाजार के जानकारों और व्यापारियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि कीमतों में आई यह भारी तेजी त्योहार से पहले खुदरा मांग के मजबूत रहने की उम्मीदों का ही परिणाम है।

**बदलते दौर में उपभोक्ताओं की नई पसंद**

शृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चेतन ठक्कर ने बताया कि अपनी परंपरा और सोने के स्थायी मूल्य के कारण आभूषण उद्योग के लिए अक्षय तृतीया हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के दिनों में सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन इसके बावजूद आभूषण खरीदने को लेकर उपभोक्ताओं का इरादा मजबूत बना हुआ है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट और भू-राजनीतिक कारण**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं का कारोबार गिरावट के साथ हुआ। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 45.88 अमेरिकी डॉलर या लगभग 1 प्रतिशत फिसलकर 4,795.97 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया।

# थोक महंगाई 38 महीने में सबसे ज्यादा मार्च में ये 3.88 प्रतिशत पर पहुंची



**नई दिल्ली।** मार्च में थोक महंगाई बढ़कर 3.88% पर पहुंच गई है। फरवरी के यह 2.13% पर थी। यानी इसमें एक महीने के अंदर 1.75% की बढ़ोतरी हुई है। थोक महंगाई ने 38 महीने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। जनवरी 2023 में थोक महंगाई 4.73% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 अप्रैल को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

**रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं**

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.27% से बढ़कर 6.36% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई में कोई बदलाव नहीं है, ये 1.85% पर बनी हुई है।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 3.78% से बढ़कर 1.05% हो गई है।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.92% से बढ़कर 3.39% रही।

**होलसेल महंगाई के 4 हिस्से**

प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां

नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं

मिनरल्स

क्रूड पेट्रोलियम

**मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंची**

मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंच गई है। इससे पहले फरवरी में यह 3.21% थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है।थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबलूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबलूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

# जिला पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन





**–मार्च माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई**

**–हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज–**
**देवास।** मार्च माह में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग की गई जारी । मार्च माह में थाना विजयागंज मण्डी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया गया पुरस्कृत,अनुभाग कन्नौद को मार्च माह मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किया गया पुरस्कृत। मार्च माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी विजयागंज मण्डी निरीक्षक आलोक सोनी को पुरस्कृत किया गया। प्रथम अनुभाग के रूप में मार्च माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) कन्नौद देवास आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया। मार्च माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सहायक उप निरीक्षक मनोज पटेल को दिया गया देवास पुलिस का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 15 अप्रैल 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन, परिवीक्षाधीन भा.पु.से. आलोक कुमार वर्मा, समस्त एसडीओपी, समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में निम्न बिंदूओ के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये - अपराध समीक्षा बैठक मे पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायतों को गंभीरतापुर्वक सुनकर उचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये है । थानों पर लगे QR CODE को ज्यादा से ज्यादा जनता द्वारा उपयोग बढाने के निर्देश दिये गये ताकि फीडबैक प्रभावी रहे। चोरी की वारदातों को गंभीरतापूर्वक लेते हुये रात्री गश्त व्यवस्था एवं नाकाबंदी प्रभावी पुख्ता करने के निर्देश दिये गये। FIR से लेकर विवेचना,चालान,प्रगती और ट्रायल के दौरान समंस वारंट की तामिली एवं तकनीकी का सर्वाधिक उपयोग पर जोर दिया जाये ताकि फरियादियों को त्वरित न्याय प्रदान किया जा सके। जुआ, सट्टा, शराब एवं अवैध गतिविधियों पर जीरो टोलरेंस और पुलिस मुखबिर को सशक्त बनाने क लिये किसी भी स्थिति मे पुलिस का दुर्व्यवहार एवं अवैधानिक गतिविधियों को बर्दाशत नही किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। संपूर्ण जिला पुलिस की कार्य प्रणाली निष्ठापूर्ण,पारदर्शी,समयबद्ध और पीडित उन्मुखी बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रतिदिन पुलिस चौपाल के माध्यम से ऑपरेशन त्रिनेत्रम मे अधिक से अधिक कैमरै लगवाने के लिये जनता को अभिप्रेरित किया एवं ऑपरेशन सायबर के तहत डायल-1930 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्यैहारों के दौरान आम जनता को आपराधिक तत्वों से बचाने हेतु ऑपरेशन पवित्र के तहत अधिक से अधिक बॉण्डओवर कराने हेतु निर्देशित किया गया है। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर मार्च माह में आंकलन किया गया। जिनकी रैंकिंग जारी की गई जो कि इस प्रकार हैः-

01.विजयागंज मण्डी, 02.कन्नौद, 03.नेमावर, 04.कमलापुर, 05.बागली, 06.हरणगांव, 07.कोतवाली, 08.सिविल लाईन, 09.बरोठा, 10.सतवास, 11.हाटपीपल्या, 12.खातेगांव, 13.औद्योगिक क्षेत्र, 14.भौरांसा, 15.पीपलरावां, 16.टोंकखुर्द, 17.उदयनगर, 18.कांटाफोड़, 19.नाहर दरवाजा, 20.बैंक नोट प्रेस, 21.सोनकच्छ

इसी प्रकार माह मार्च की अनुभागवार भी रैंकिंग जारी की गई जो कि इस प्रकार है-

01.अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
02.उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) ।
03.अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली ।
04.नगर पुलिस अधीक्षक देवास ।
05.अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ।

माह मार्च में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी विजयागंज मण्डी आलोक सोनी को पुरस्कृत किया गया एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी गई । मार्च माह में प्रथम अनुभाग के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद श्री आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया एवं पुरे अनुभाग के पुलिस कर्मियों को बधाई दी गई ।

इसी प्रकार माह मार्च में सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार के रुप में जिला विशेष शाखा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मनोज पटेल द्वारा सूचना संकलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप माह मार्च में मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय में संलग्न संगठित गिरोह का पर्दाफाश हुआ। एवं 02 दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । उक्त उत्कृष्ट कार्य हेतू सहायक उप निरीक्षक मनोज पटेल को माह मार्च 2026 के 'सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । रैंकिंग की यह प्रणाली आगामी माह में भी जारी रहेगी । सभा के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं कार्य को इसी प्रकार और अधिक गुणवत्ता के साथ एवं समयावधि में करने हेतु प्रेरित कर अपराध समीक्षा बैठक का समापन किया।

# अनूपपुर शिक्षा के क्षेत्र में बना प्रदेश का अग्रणी जिला

**मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं में प्रदेश में प्रथम और 12वीं में द्वितीय स्थान पर रहा जिला**

**कलेक्टर हर्षल पंचोली की विशेष रणनीति और टीम अनूपपुर के प्रयासों से मिली अभूतपूर्व सफलता**

**प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में जिले के मेधावी विद्यार्थी खुशी साहू और धीरज पांडे ने बनाई जगह**

**जिले में कक्षा 10वीं में 93.85 प्रतिशत और 12वीं में 93.04 प्रतिशत रहा जिले का कुल परीक्षा परिणाम**

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में अनूपपुर जिले ने अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। जिले ने हाईस्कूल (10वीं) में प्रदेश में प्रथम और हायर सेकेंडरी (12वीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि जिले के इतिहास का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है।

**रणनीति, संकल्प और टीम वर्क से मिली सफलता**
इस ऐतिहासिक सफलता के सूत्रधार कलेक्टर हर्षल पंचोली का दूरदर्शी नेतृत्व और सशक्त रणनीति रही। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग और जिला शिक्षा केंद्र ने 'टीम अनूपपुर' के रूप में समन्वित प्रयास किए।
परीक्षा से पहले चलाए गए 'विशेष शैक्षणिक अभियान' के तहत शत-प्रतिशत शैक्षणिक कैलेंडर का पालन, नियमित मॉडल टेस्ट, प्री-बोर्ड परीक्षाएं और सतत मूल्यांकन ने विद्यार्थियों को







मजबूत आधार प्रदान किया। विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए चलाई गई रेमेडियल कक्षाओं ने उन्हें मुख्यधारा में लाकर सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

**प्रावीण्य सूची के चमकते सितारे**
राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले के दो मेधावी विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कड़ी मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया है, बल्कि पूरे जिले का गौरव भी बढ़ाया है। कक्षा 10वीं में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खूंटा टोला की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी साहू ने 493 अंक अर्जित करते हुए प्रदेश में 7 वाँ स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं (गणित समूह) में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर के छात्र धीरज पांडे ने 486 अंक प्राप्त कर राज्य की मेरिट सूची में 7 वाँ स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों की सफलता ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गए।

**सामूहिक प्रयासों का मीठा फल**
कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता 'टीम अनूपपुर' के सामूहिक समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम का परिणाम है।

**भविष्य के लिए नई प्रेरणा**
अनूपपुर की यह सफलता केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह दर्शाता है कि सही दिशा, मजबूत नेतृत्व और सामूहिक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अब यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में जिले के विद्यार्थियों के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्त्रोत बनेगी, जिससे अनूपपुर शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों को छूने के लिए अग्रसर रहेगा।

**कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान**
जिले के अंतर्गत कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। इनमें कविता दुबे (महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल, परसवार, अनूपपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गायत्री देवी (शासकीय सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, खुंटाटोला, अनूपपुर) द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त पीयूष जोगी (विवेक शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा), आयुषी वर्मा (शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, जैतहरी), सृष्टि पांडेय (शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, अमलाई कॉलरी, अनूपपुर) एवं रिचा सिंह राठौर (न्यू स्टेला हायर सेकेंडरी स्कूल, अनूपपुर) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिप्रा शर्मा (शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा) ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आकांक्षा उपाध्याय (शासकीय सांदीपनि कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, बदरा) एवं सक्षम गुप्ता (ग्रीनलैंड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अनूपपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि ने अनूपपुर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है।

# अंबेडकर जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल कन्नौद में लगा रक्तदान शिविर





**–हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज–**
**देवास/कन्नौद।** सिविल अस्पताल में सेवा भारती कन्नौद के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल कन्नौद में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक पंडित आशीष शर्मा एवं जिला संघ चालक राजेश धूत, सेवा भारती जिला संयोजक बालू सिंह निगवाल के द्वारा भारत माता एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में रोशन नागर के द्वारा 42वीं बार तथा रामविलास जी गुर्जर के द्वारा स्वयं के जन्मदिन पर रक्तदान किया गया ,कन्नौद निवासी अनिल नागर रोशन नागर तथा देवेंद्र नागर तीनों भाइयों के द्वारा एक साथ रक्तदान कर अन्य लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया ।बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि रक्तदान करना न केवल दूसरों की जान बचाने का एक नेक कार्य है बल्कि यह रक्तदाता के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद है आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है।शिविर में एकत्रित ब्लड देवास ब्लड बैंक ले जाया जाएगा , वंहा इसकी जांचे होगी उसके बाद इसमें से कुछ यूनिट ब्लड कन्नौद विकासखंड की खून की कमी वाली गर्भवती माताओ को तथा अन्य एनीमिक मरीजों को चढ़ाया जाएगा।रक्तदान शिविर में रक्त ले जाने के लिए जिला चिकित्सालय देवास ब्लड बैंक की टीम आई थी । आज आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ ।रक्तदान शिविर में रक्त दान करने वालो में नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप धूत ,मंडल अध्यक्ष हुकम पटेल ,नानसा सरपंच रोहित तिवारी, प्रदीप धूत ,प्रवीण धूत के साथ सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों में जेल से जेलर गिरजा शंकर दुबे ,पुलिस थाने से टीआइ तहजीब काजी एवं उनके साथ 5 पुलिस कर्मियों ने , सिविल अस्पताल कन्नौद से रत्नेश बैरागी ,ब्रजेश व्यास एवं परसराम गदेले, सेवा सहकारी संस्थाओं से धर्मेन्द्र चौहान आदि शामिल है ।शिविर में भाजपा नेता रुपेश शर्मा, संतोष जाट, संदीप धूत, अनोखी चौहान, राजेश जोशी, केवल राम गुर्जर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा । इस अवसर पर बीईई दिनेश साहू, बीपीएम प्रदीप पवार, बीसीएम विनोद भंवर ,नर्सिंग ऑफिसर वंदना मंडलोई ,सेक्टर सुपरवाइजर शोभा कुकड़े, लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह जादौन, यशवंत माली, उर्बान बांडोत, दिनेश शर्मा ,राजपाल कर्मा ,जगदीश मुवेल ,सीऐचओ अंकुर शर्मा, अर्चना उपाध्याय, अंजू प्रजापति, हरीश शर्मा, ज्योति खोड़े, अरुणा परमार, अन्नपूर्णा सांवले एवं सिविल अस्पताल कन्नौद का स्टाफ मौजूद रहा।

# अमरकंटक का कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक का सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावी छात्रों ने बढ़ाया मान

**(ब्यूरो राजेश शिवहरे)**
**अनूपपुर/अमरकंटक।** स्थित कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 104 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए।
विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। प्रमुख रूप से मृणाल मित्तल, शुभ कुमार गुप्ता एवं सत्यम प्रसाद ने 95-95 प्रतिशत अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं शौर्य प्रताप ने 94 प्रतिशत, अनन्या सिंह ने 93 प्रतिशत तथा अवनी जैन, पीहु




सेजपाल, गायत्री मनोठिया एवं सौम्या राय ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त वीर परस्ते ने 91 प्रतिशत तथा साक्षी परस्ते एवं अक्षत सिंह ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस उल्लेखनीय सफलता पर श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन एवं गुरुओं के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने भी समस्त स्टाफ के साथ मिलकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार में इस सफलता को लेकर हर्ष का वातावरण है तथा सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की दी जा रही जानकारी**

**अनूपपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इस हेतु राष्ट्रीय जनगणना को सुचारु, त्रुटिरहित एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम चार्जवार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 से 20 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। तहसील पुष्पराजगढ़ एवं नगर परिषद अमरकंटक के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित किया गया। नगरपालिका परिषद पसान, कोतमा, बिजुरी, नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), डूमरकछार तथा तहसील अनूपपुर,



जैतहरी एवं कोतमा के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद अनूपपुर, नगर परिषद बरगवां (अमलाई), डोला के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों तथा नगरपालिका परिषद पसान, कोतमा, बिजुरी, तहसील अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा के शेष प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।
प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स तथा फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल डेटा संकलन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक भवन को एक विशिष्ट क्रमांक (Unique Number) प्रदान करने, भवन के उपयोग (आवासीय/व्यावसायिक/अन्य) का सटीक विवरण दर्ज करने, प्रायोगिक अभ्यास के माध्यम से प्रपत्र भरने और तकनीकी त्रुटियों के त्वरित सुधार की विधि समझने की जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण शुद्धता एवं सावधानी के साथ डेटा संकलन कार्य सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में जनगणना कार्य को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न करने की दिशा में ठोस तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

# विद्युत के अवैध उपयोग के विरुद्ध चलाया गया विशेष सघन जांच अभियान

*–अभियान के दौरान 30 उपभोक्ताओं पर हुई कार्यवाही*



**अनूपपुर।** अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) अनूपपुर के निर्देशानुसार जैतहरी वितरण केंद्र के अंतर्गत विद्युत के अवैध उपयोग के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य विद्युत चोरी को रोकना और राजस्व की क्षति को कम करना था।
विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जैतहरी के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 155 परिसरों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान 30 परिसरों में विद्युत उपयोग संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। जिस पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक दण्डात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध विद्युत का उपयोग न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि इससे पूरी विद्युत वितरण व्यवस्था पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा कहा गया है कि इस प्रकार के सघन जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वे नियमों का पालन करते हुए वैध विद्युत कनेक्शन लकर ही विद्युत का उपयोग करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी।

# 16 अप्रैल से स्वगणना पोर्टल पर नागरिक स्वयं दर्ज कर सकेंगे अपनी जानकारी

**अनूपपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिये स्व-गणना पोर्टल (htttps://se.census.gov.in) पर 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक होगी। पोर्टल पर नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या है स्वगणना :** स्व-गणना जनगणना की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निवासी अपने परिवार संबंधी विवरण को स्वयं ऑनलाइन भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूर्ण करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग सकता है तथा सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण के पश्चात एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) मिलेगी।

**स्टेप 1: प्रवेश और प्रारंभिक लॉगिन**
पोर्टलः पोर्टल तक पहुंचने के लिए https://se.census.gov.in पर जाएं। इसके बाद ड्रॉप-डाउन सूची से अपना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र चुनें तथा आगे बढ़ने के लिए कैप्चा दर्ज करें। डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करते समय बेहतर दृश्यता के लिए लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करें।

**स्टेप 2: परिवार का पंजीकरण**
परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करें। इस प्रविष्टि के पास एक टूलटिप उपलब्ध है, जो यह समझने में सहायता करेगा कि परिवार का मुखिया किसे माना जाए। एक बार पंजीकरण होने के बाद इस नाम को बदला नहीं जा सकेगा। परिवार के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर दर्ज करें। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना चाहिए और वह नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। नागरिक अपनी स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) ई-मेल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु एक ई-मेल आईडी भी प्रदान कर सकते हैं।

**स्टेप 3: भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन**
अपनी पसंदीदा भाषा सावधानीपूर्वक चुनें। प्रक्रिया के बाद के चरणों में इसे बदला नहीं जा सकेगा। इसके बाद अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एक-बार उपयोग होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) दर्ज कर सत्यापन करें और आगे बढ़ें।

**स्टेप 4: निवास स्थान का विवरण प्रदान करना**
इस स्टेप में अपना जिला चुनें और अपना पिन कोड दर्ज करें। इसके पश्चात अपने गाँव/नगर, स्थानीय क्षेत्र तथा निकटवर्ती पहचान चिह्न (लैंडमार्क) का नाम दर्ज करें। इसके बाद 'खोज' पर क्लिक करें।

**स्टेप 5: मानचित्र पर अपने निवास स्थान का चिन्हांकन**
स्क्रीन पर एक लाल संकेतक (मार्कर) के साथ मानचित्र प्रदर्शित होगा। इस संकेतक को खींचकर अपने निवास स्थान के सटीक स्थान पर रखें ताकि आवासीय भवन का सही स्थान चिन्हित किया जा सके। इसके बाद 'सहेजें और आगे बढ़े पर क्लिक करें। स्थान संबंधी जानकारी की पुष्टि हेतु एक संदेश प्रदर्शित होगा। यह प्रगणक द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान सत्यापन हेतु स्व-गणना डेटा को संबंधित मकान सूचीकरण ब्लॉक से आवंटित करने में सहायक होगा।

**स्टेप 6: प्रश्नावली को पूर्ण करना**
मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रश्नावली को भरें। विशिष्ट प्रश्नों के लिए प्रश्नों के नीचे दिए गए नोट्स, 'टूलटिप्स' तथा 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' का उपयोग करें। यह प्रश्नावली वही है जिसका उपयोग प्रगणक द्वारा किया जाएगा। भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, जनगणना मकान का उपयोग तथा परिवार क्रमांक जैसी कुछ जानकारी प्रगणक द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अलग से दर्ज की जाएगी। प्रणाली में अगले पृष्ठ पर जाने से पहले वर्तमान स्क्रीन को पूर्ण करना आवश्यक है, हालांकि आप किसी भी समय पिछली प्रविष्टियों में संशोधन करने के लिए वापस जा सकते हैं।

**स्टेप 7: दर्ज किए गए डेटा की समीक्षा**
पूर्वावलोकन स्क्रीन के माध्यम से सभी दर्ज की गई जानकारी को अनुभाग-वार जांचें। इस चरण पर डेटा में संशोधन किया जा सकता है। आप जानकारी को ड्राफ्ट के रूप में सेव रख सकते हैं और अंतिम तिथि से पहले इसे अंतिम रूप देकर पुष्टि करें और सबमिट कर सकते हैं।

## महापौर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक सम्पन्न

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन का प्रस्ताव किया पास




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बुधवार की दोपहर 12:00 बजे नगर निगम की महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी के मेला ग्राउंड स्थित बंगले पर मेयर इन काउंसलिंग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शासन के निर्देश अनुसार नारी शक्ति वंदन प्रस्ताव को एमआईसी द्वारा सर्व सहमति से पास किया गया। बैठक में एमआईसी सदस्य राकेश यादव, बदन सिंह यादव, दिनेश तोमर, खुशबू, लोकेंद्र दंडोतिया, प्रदीप जागनेरिया सहित नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे महापौर ने बैठक की शुरुआत में शासन के निर्देश अनुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन के संबंध में एमआईसी सदस्यों से चर्चा की चर्चा के दौरान महापौर ने बताया कि देश के जैसे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मंशा अनुरूप महिलाओं की भागीदारी लोकसभा विधानसभा में सुनिश्चित करने हेतु 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन मैं प्रस्ताव पास किए जाने हैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा चुनाव 2029 से पहले पास होने की संभावना है महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में ज्यादा से ज्यादा हो इसी मंशा से इस बिल प्रस्ताव को संसद में भी पास किया गया है निश्चित ही इस प्रस्ताव के पास होने से महिलाओं के राजनीतिक सामाजिक जीवन में बदलाव होंगे महिलाएं भी मुख्य धारा से जुड़कर अपनी एक अलग पहचान बनाएगी।

# सड़क दुर्घटना में दिवंगत एक पुलिस कर्मचारी के परिजन को 01 करोड़ की बीमा राशि का चैक प्रदान किया गया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** दिनांक 10.12.2025 को सागर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मुरैना में पदस्थ BDDS टीम के रहे 04 पुलिस कर्मियों का निधन हो जाने के उपरांत उनके आश्रित परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज योजना अंतर्गत बीमा राशि का लाभ शीघ्र अति शीघ्र प्रदान कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर को संबंधित बैंक के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही पूर्ण कराए जाने एवं शीघ्र राशि का भुगतान कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



आज दिनांक 15.04.2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुरैना स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा SBI - पुलिस सैलरी पैकेज योजना अंतर्गत स्व.प्र. आर. (चालक) 291 परिमाल सिंह तोमर के पुत्र शिवा सिंह तोमर एवं उनकी पत्नी श्रीमती सर्वेश तोमर को बीमा लाभ स्वरूप 01 करोड़ की राशि का चैक प्रदान किया गया। साथ ही, उन्हें सांत्वना देते हुए विभाग की ओर से हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र पाल सिंह डावर अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा, राधिका पैलेस मुरैना के मुख्य प्रबंधक योगेन्द्र गौतम, उप प्रबंधक प्रवीण कुमार मीना एवं वरिष्ठ सहायक आशाराम सोलंकी सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त वाहन दुर्घटना में दिवंगत हुए अन्य 02 पुलिसकर्मियों के परिजनों को पूर्व में ही 01-01 करोड़ की बीमा राशि का भुगतान कराया जा चुका है। उक्त दुर्घटना में दिवंगत शेष 01 पुलिसकर्मी के परिजनों को भी 01 करोड़ की बीमा राशि का भुगतान कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## सागर श्रीवास्तव ने हासिल की एमबीबीएस की डिग्री



**मुरैना/जौरा।** इंदौर के शासकीय एमजीएम कॉलेज से नगर की एक और प्रतिभा सागर श्रीवास्तव में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। नगर के बनिया पाड़ा निवासी स्व. हरिशरण श्रीवास्तव लालाजी के नाती एवं विनोद श्रीवास्तव के पुत्र सागर श्रीवास्तव ने हाल ही में एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर सफलता प्राप्त की है। सागर की इस सफलता पर उन्हें उनके मित्रों शुभचिंतकों ने बधाई दी है। गौरतलब है कि इस जौरा क्षेत्र से अपनी प्रतिभा की दम पर लगभग दो सैकड़ा से अधिक एमबीबीएस चिकित्सक एवं इतने ही इंजीनियर निकले हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत से डॉक्टर एवं इंजीनियर की डिग्री हासिल की है। इस क्षेत्र का नाम जस्टिस श्री माहेश्वरी के अलावा देश-विदेश में हास्य व्यंग्यकार कवि तेज नारायण शर्मा 'बेचैन' आर्किटेक्ट इंजीनियर राजेश गुप्ता सहित अन्य प्रतिभाओं ने भी अपनी मेहनत से इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, बेटा समेत चचेरी पुत्रवधु घायल



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बुधवार की दोपहर एनएच-44 पर अंबाह बायपास चौराहे के नजदीक एक बेकाबू डंपर ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा उसका बेटा और चचेरी पुत्रवधु जख्मी हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरौदा निवासी मीरा जाटव 40 पत्नी रामस्वरूप जाटव अपनी चचेरी पुत्रवधु प्रीति जाटव 26 पत्नी विनोद जाटव के साथ घर से खरीददारी करने के लिए अपने पुत्र भोला जाटव 18 पुत्र रामस्वरूप जाटव के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर मुरैना जा रही थी। जब उनकी मोटरसाईकिल सिविल एनएच-44 हाईवे पर अंबाह बायपास चौराहे के पास से गुजर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मीरा सहित प्रीति और भोला गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मीरा जाटव को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी भोला और प्रीति जाटव को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। खबर लिखे जाने तक सिविल लाईन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना के दो विद्यार्थियों का प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 मुरैना के इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के कक्षा बारहवीं की छात्रा कुमारी प्रियांशी गोयल वाणिज्य संकाय में प्रदेश स्तरीय प्राविण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, वहीं कुमारी मोनिका राठौड़ ने कला संकाय में नवा स्थान हासिल कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार शांडिल्य सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा है कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। परीक्षा प्रभारी अजय सिंह तोमर ने भी विद्यार्थियों की लगन और अनुशासन की प्रशंसा की है। विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने भी कहा कि इसमें विद्यालय के प्रत्येक शिक्षक का प्रयास है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि वह आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और विद्यालय का नाम ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## छात्रा श्रुति तोमर ने 500 में से प्राप्त किए 489 अंक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-



**मुरैना/पोरसा।** छात्रा श्रुति तोमर पोरसा ने एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में इस वर्ष 500 में से 489 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि पूरे प्रदेश और विशेषतः चंबल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। छात्रा की इस सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारीजनों, गुरुजनों व इष्ट मित्रों को दिया है।

## गायब हुए नाबालिग को पुलिस में 2 घंटे में ढूंढा

**मुरैना/जौरा।** घर से अचानक गायब हुए एक नाबालिग बच्चे को पुलिस ने 2 घंटे के प्रयासों के बाद ढूंढ कर परिजनों को सौंपा। 15 अप्रैल को रौनक पुत्र मुकेश जाटव 8 वर्ष निवासी कांता बेयर हाउस के पास गैपरा घर के बाहर खेलता हुआ अचानक गायब हो गया। जिसकी सूचना मुकेश पुत्र लालाराम जाटव ने थाने में आकर दी। नगर निरीक्षक ओपी रावत ने नाबालिग को ढूंढने की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक पंकज यादव एवं रामदीन खरे, रानी सिसोदिया, रामभरत सिंह आदि पुलिस कर्मियों को दी। 2 घंटे की भागदौड़, मेहनत के बाद पुलिस टीम ने नाबालिग रौनक को मनीष पेट्रोल पंप के पास से ढूंढ कर पहचान करने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# उत्कृष्ट परिणाम से चमका विक्टर कॉन्वेंट, टॉपर्स ने बढ़ाया गौरव


Kiyan Gupta


Arushi Gurjar

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई), नई दिल्ली से संबद्ध, के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणामों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या उल्लेखनीय रही, जिससे स्कूल का शैक्षणिक स्तर एक बार फिर साबित हुआ।

इस वर्ष विद्यालय की छात्रा शुभ्रा तोमर ने 486/500 अंक (97.2%) हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कियान गुप्ता ने 467/500 (93.4%), आरुषि गुर्जर ने 457/500 (91.4%), वैश्नवी ने 452/500 (90.4%) एवं सिमरन तोमर ने 451/500 (90.2%) अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी छात्र इसी तरह श्रेष्ठ परिणाम देकर संस्था का नाम ऊंचा करते रहेंगे।


**कार्यालय नगरपालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)**
**Office of the Municipal Corporation, Morena (M.P.)**
Address - Town Hall Parishar Jiwaji Ganj Morena (M.P.)- 476001
Email :- commmorena@mpurban.gov.in
Phone No. : 07532-226020

क्रमांक/वि.पं./2026/1496 — मुरैना, दिनांक - 15/04/2026

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक (वर) कार्तिक शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा निवासी- मुड़ियाखेड़ा मुरैना द्वारा विवाह पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वधु पूजा उपाध्याय पुत्री संजीव उपाध्याय निवासी- अम्बाह बाईपास मुड़ियाखेड़ा मुरैना का विवाह दिनांक- 04.12.2025 स्थान- मथुरा पैलेस अम्बाह बाईपास मुड़ियाखेड़ा मुरैना पर हिन्दू रीति-रिवाज़ से सम्पन्न विवाह के आधार पर इस निगम में नियमानुसार विवाह का पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी, और प्रस्तुत आवेदन के आधार पर विवाह पंजीयन कर दिया जावेगा।

रजिस्ट्रार
विवाह पंजीयन
नगरपालिक निगम, मुरैना


# प्रदेश की प्रावीण्य सूची में मुरैना के 14 विद्यार्थियों ने बनाई जगह

**मुरैना जिले का 12वीं में 53.17% तथा 10वीं में 54.08% रहा परीक्षा**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट (कक्षा 12वीं) परीक्षा 10 फरवरी से 07 मार्च 2026 तथा हाईस्कूल सर्टिफिकेट (कक्षा 10वीं) परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च 2026 के बीच संपन्न हुई थीं। इन परीक्षाओं के परिणाम 15 अप्रैल 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित किए गए।

घोषित परिणामों में मुरैना जिले के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले के कुल 14 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया, जिनमें 3 छात्र एवं 11 छात्राएं शामिल हैं। जिले का समग्र परिणाम हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 53.17 प्रतिशत तथा हाईस्कूल परीक्षा में 54.08 प्रतिशत रहा। शासकीय



विद्यालयों का परिणाम 68.38 प्रतिशत रहा, जबकि अशासकीय विद्यालयों का परिणाम 48.94 प्रतिशत दर्ज किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी.एस. इंदोलिया ने जानकारी दी कि हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 में जिले से कुल 22,762 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें से 12,102 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

इस परीक्षा में कु. श्रुति तोमर, पुत्री रविन्द्र सिंह तोमर, अशासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, द्रोण अकादमी, पोरसा ने कला संकाय में 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, हाईस्कूल परीक्षा 2026 में जिले के 27,922 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें से 15,098 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 12 विद्यार्थियों (8 छात्र एवं 4 छात्राएं) ने स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल स्तर पर शासकीय विद्यालयों का परिणाम 57.53 प्रतिशत तथा अशासकीय विद्यालयों का परिणााम 52.05 प्रतिशत रहा।

# गुनगुन जैन ने 12वीं में 95% अंक हासिल कर बढ़ाया अंबाह का मान

**गणित संकाय में पाई शानदार सफलता**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** पत्रकार अजय जैन की सुपुत्री गुनगुन जैन ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में गणित संकाय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक (500 में से 475) प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुनगुन जैन की इस उल्लेखनीय सफलता से उनके परिजनों में हर्ष का वातावरण है।



ज्ञात रहे कि गुनगुन जैन ब्राइट कैरियर एकेडमी, अंबाह की मेधावी छात्रा हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। गुनगुन ने बताया कि उन्होंने समय का सही प्रबंधन करते हुए पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बनाया। उनका लक्ष्य भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करना है।

गुनगुन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, परिवार के सदस्यों ने भी मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और मित्रों ने भी गुनगुन को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# सामाजिक सौहार्द के जनक थे डॉ.भीमराव अंबेडकर: मित्तल

**मुरैना/जौरा।** जौरा में 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती के पावन अवसर पर बस स्टैंड प्रांगण जौरा में एक विशाल सामाजिक समरसता कार्यक्रम एवॅ समूचे नगर जौरा में भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। सभी वक्ताओं ने देश के प्रति संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सभी आयोजकों ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवॅ प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. अग्रवाल महासभा भोपाल के अध्यक्ष कैलाश मित्तल जी का स्वाफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।



जैसा कि विदित है पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका जौरा श्रीमति शारदा कैलाश मित्तल के अध्यक्षीय कार्यकाल में 17 फरवरी 2007 को जौरा में डॉ. भीम राव अम्बेडकर बस स्टैंड का निर्माण होकर श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं भारत सरकार के गृहमंत्री व सांसद एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के सानिध्य में गरिमामयी लोकार्पण हुआ था। कैलाश मित्तल ने सभी आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूर्ण टीकाकरण अभियान में ग्राम जखोना गढ़ी बना उदाहरण

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ग्राम पंचायत जखोना गढ़ी, ब्लॉक नूराबाद, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) में अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम में स्वास्थ्य एवं टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

ग्रामसभा के दौरान 2 वर्ष तक के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण (FIC) सुनिश्चित कराने वाले परिवारों को प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल ऐसे परिवारों का उत्साहवर्धन करना था, बल्कि अन्य परिवारों को भी समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती रजनी देवी, सचिव अमरतालाल गुर्जर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) हरिओम राठौर, एएनएम रीना, आशा सुपरवाइजर सपना तोमर राजोरिया सहित ग्राम पंचायत के पंचगण एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर ग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर MPVHA से जिला समन्वयक (DC) राजवीर सिकरवार एवं ब्लॉक समन्वयक (BC) निशात शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके द्वारा ग्रामवासियों को बच्चों के सही एवं समय पर टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है। उन्होंने पूर्ण टीकाकरण कराने वाले परिवारों को बधाई दी तथा उन्हें अन्य परिवारों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। साथ ही गांव में ऐसे परिवार जो अभी तक टीकाकरण से बचित है, उन्हें समझाया गया और टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को यह भी बताया गया कि सभी टीके सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं और यह बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिवारों को प्रमाण पत्र एवं स्वास्थ्य किट वितरित की गई। इस पहल से ग्राम में सकारात्मक माहौल बना और लोगों में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ी।

अंत में ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे अपने बच्चों का समय पर पूरा टीकाकरण कराएंगे तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम के प्रत्येक बच्चे का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना एवं एक स्वस्थ ग्राम का निर्माण करना रहा।

# सम्पूर्ण मुरैना क्षेत्रांतर्गत बिना पंजीयन क्रमांक के वाहनों को पेट्रोल, डीजल व सी.एन.जी. गैस देना प्रतिबंधित

**मुरैना।** मुरैना जिले के अंतर्गत पेट्रोल पम्पों द्वारा बिना पंजीयन क्रमांक के वाहनों कार, मोटर साईकल, ट्रैक्टर, डम्फर आदि को पेट्रोल, डीजल व सी.एन.जी. गैस प्रदाय की जा रही है। जिससे कई बार दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान किया जाना संभव नहीं हो पाता है। वाहन बिना नंबर प्लेट के होने के कारण उन्हें चिन्हित करने में भी कठनाई होती है। बिना नंबर के वाहन से कभी भी आपराधिक घटना घटित हो सकती है। जिस कारण समय-समय पर आमजन में रोष व्याप्त होकर कानून व्यवस्था के प्रतिकूल स्थिति निर्मित होती है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कमलेश कुमार भार्गव ने सम्पूर्ण मुरैना क्षेत्रांतर्गत बिना पंजीयन क्रमांक के वाहनों को पेट्रोल, डीजल व सी.एन.जी. गैस देना प्रतिबंधित किया है। यह आदेश 15 अप्रैल से 14 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा। उन्होंने बताया कि परिस्थितियों के निवारणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के प्रावधानों के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश के उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 व अन्य प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाई की जा सकेगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी समस्त अनुविभागीय अधिकारी वन, समस्त वन क्षेत्रपाल अधिकारी एवं जिला खनि अधिकारी, जिला मुरैना को अधिकृत किया गया है।


**संबंध विच्छेद / आम सूचना**

मेरी व्यवहारिया रामबेटी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र बाल्मीक आयु 55 साल निवासी वार्ड क्रमांक 01 मुड़ियाखेड़ा तह. व जिला मुरैना (म.प्र.) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारिया के दो पुत्र अजीत बाल्मीक व ध्रुव बाल्मीक हैं व छः पुत्रियाँ रीना बाल्मीक, लालो बाल्मीक, सुमन बाल्मीक, लक्ष्मी बाल्मीक, रेनू बाल्मीक व प्रियंका बाल्मीक हैं, जिनमें ध्रुव बाल्मीक व प्रियंका बाल्मीक का विवाह नहीं हुआ है। ध्रुव बाल्मीक व प्रियंका बाल्मीक मेरी व्यवहारिया के साथ निवास कर मेरी व्यवहारिया की देखभाल करते हैं तथा शेष पुत्रियों का विवाह होकर अपनी-अपनी ससुराल में सुखपूर्वक रह रही हैं तथा मेरी व्यवहारिया के बड़े पुत्र अजीत बाल्मीक का विवाह वर्ष 2020 में सोनाली पुत्री मनोज बाल्मीक निवासी भिण्ड के साथ हुआ था। विवाह के करीब 1 साल बाद ही मेरी व्यवहारिया से मेरी व्यवहारिया का पुत्र अजीत व उसकी पत्नी सोनाली को विवाह में प्राप्त समस्त सोने, चाँदी के जेबरात एवं घर गृहस्थी का सम्पूर्ण सामान, नगदी एवं अन्य उपहार को लेकर मेरी व्यवहारिया एवं उसके परिवारीजन से अलग होकर स्वतंत्र रूप से निवास करने लगे थे तथा मेरी व्यवहारिया से उसका पुत्र अजीत बाल्मीक अपना हिस्सा, चल, अचल सम्पत्ति एवं नगदी हिस्से के रूप में प्राप्त कर चुका है तथा मेरी व्यवहारिया एवं उसके परिवारीजन से अजीत एवं उसकी पत्नी सोनाली अलग होने के बाद से ही दोनों के बीच आपसी विवाद रहने लगा है तथा मेरी व्यवहारिया का पुत्र अजीत व उसकी पत्नी सोनाली से मेरी व्यवहारिया एवं उसके पुत्र ध्रुव बाल्मीक एवं उसकी पुत्रियों का किसी भी प्रकार से कोई भी संबंध व सरोकार नहीं है और ना ही मेरी व्यवहारिया एवं उसका पुत्र ध्रुव बाल्मीक एवं मेरी व्यवहारिया की पुत्रियाँ अजीत बाल्मीक एवं उसकी पत्नी सोनाली के घर किसी भी प्रकार से पारिवारिक समारोह में नहीं आते-जाते हैं। वर्ष 2021 से ही मेरी व्यवहारिया व उसके पुत्र ध्रुव बाल्मीक एवं उसकी पुत्रियों ने सभी प्रकार के संबंध अजीत बाल्मीक एवं उसकी पत्नी सोनाली से हमेशा हमेशा के लिये विच्छेद कर लिये हैं तथा मेरी व्यवहारिया एवं उसके परिवारीजन अजीत बाल्मीक एवं उसकी पत्नी सोनाली बाल्मीक की किसी भी आपराधिक / गैर कानूनी कृत्य एवं किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिये किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं हैं। सर्व साधारण एवं आमजन सूचित हों।

दिनांक- 15.04.2026

**सूचनाकर्ता**
रामबेटी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र बाल्मीक, आयु 55 साल
निवासी-वार्ड क्रमांक 01 मुड़ियाखेड़ा तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.)

**द्वारा अभिभाषक**
एस.सी. शिवहरे एडवोकेट मुरैना (म.प्र.)

